हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 18 जून 2025




## रूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII-CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से



सैंकडो विद्यार्थी लाभन्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है।

छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।

ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।

Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425566777, 9039800929

Advt.


पीसीसी अध्यक्ष ने की घायल ग्रामीणों से मुलाकात, आरोप लगाते हुए कहा:

# कानून व्यवस्था ध्वस्त, रेत माफियाओं का राज, सरगना को बचा रही भाजपा

### गृहमंत्री को भी मामले में घेरा, संजय सिंह को बचाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने रेत माफियाओं द्वारा किए गए गोलीकांड के मामले में शासन-प्रशासन पर मुख्य सरगना को बचाने का आरोप लगाया है। वहीं उन्होंने इस मामले में प्रदेश के गृहमंत्री को भी घेरा है।

शहर के मोहड़ वार्ड स्थित शिवनाथ नदी से रेत माफियाओं द्वारा अवैध उत्खनन किए जाने और तस्करी रोकने गए वार्ड के ग्रामीणों के ऊपर फायरिंग किए जाने को लेकर आज उन्होंने घटनास्थल पहुंचकर जायाजा लिया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने शिवनाथ नदी के बीच पहुंचकर माफिया द्वारा तैयार किया गया रैंप देखा और यहां गोलीकांड में घायल ग्रामीणों से चर्चा करते घटनाक्रम की जानकारी ली।

इस गोलीकांड के बीच घायल हुए जितेंद्र साहू और वार्ड विकास समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने उस रात के वाकिये को बयां किया। उन्होंने बताया कि किस तरह से रेत माफियाओं ने ग्रामीणों के रोकने पर फायरिंग की, ग्रामीण पर हमला किया और तीन लोग घायल हो गए।



**बड़ी संख्या में पहुंचे कांग्रेसी**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के साथ शाहिद भाई, भागवत साहू, कुलबीर सिंह छाबड़ा, हेमा देशमुख, कमलजीत सिंह पिंटू, डॉ. आफताब आलम, जितेंद्र मुदलियार, पदम कोठारी, विभा साहू, मेहुल मारू, संतोष पिल्ले, अमित चंद्रवंशी, राज्जू जॉन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी पहुंचे थे।

#### गृहमंत्री को घेरा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस मामले में राजनांदगांव जिले के प्रभारीमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा को घेरते कहा कि गृहमंत्री अगर अपना विभाग नहीं चला पा रहे हैं, कानून व्यवस्था ठीक नहीं कर सकते हैं तो उन्हें चूड़ी पहनकर बैठ जाना चाहिए, अवैध रेत खनन हम रोकेंगे।

#### आठ दिन की मोहलत

मोहड़ दौरे के दौरान दीपक बैज ने कहा कि इस वारदात को आठ दिन हो रहे हैं और अब तक मुख्य सरगना संजय सिंह गिरफ्तार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले आठ दिनों के भीतर अगर वह गिरफ्तार नहीं हुआ तो कांग्रेस राजनांदगांव में बड़ा आंदोलन करेगी।

#### रेत माफिया कौन?

घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस दौरान कहा कि इस गांव के लोगों ने अपनी खनिज संपदा को बचाने अपनी जान दांव पर लगा दी। उन्होंने कहा कि रेत माफिया कौन है? कहां से आए थे? उनके पास हथियार कहां से आया? यह सबसे बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि गाड़ी नंबर स्पष्ट है, पर कार्रवाई नहीं हुई। गोली चलाने वाला शूटर शहर में किराए का मकान लेकर लगभग 3 महीने से रह रहा था और पुलिस को भनक नहीं है।

उन्होंने कहा कि बाहरी प्रदेश के शूटर आ रहे हैं, क्या यह शासन-प्रशासन के मिलीभगत से हो रहा है। दीपक बैज ने कहा कि किसी की जान चली जाती तो कौन जिम्मेदार होता? उन्होंने कहा कि संजय सिंह कौन है? और इसमें शामिल अन्य लोग अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं हुए?

#### विधानसभा में उठेगा मामला

अविभाजित राजनांदगांव जिले में एक भी रेत खदान स्वीकृत नहीं होने को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेशभर में सरकार को लीज में रेत खदान देना चाहिए। जिससे राजस्व प्राप्ति होगी और गोली नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि हमने जांच कमेटी में विधायकों का दल इसलिए बनाया है कि आने वाले विधानसभा सत्र में इस मामले को सदन में उठाया जाएगा।

शुक्ला अस्पताल पर परिजनों ने लगाया गलत ऑपरेशन का आरोप

# पथरी के ऑपरेशन बाद मरीज की बिगड़ी तबीयत, मौत से मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के शुक्ला हॉस्पिटल में पथरी के इलाज के लिए पहुंचे मरीज को अपनी जान गंवानी पड़ गई। मरीज की मौत के बाद आज उनके परिजनों ने अस्पताल के बाहर लाश रखकर जमकर हंगामा किया और अस्पताल के चिकित्सकों पर पथरी का गलत ऑपरेशन करने से जान जाने की बात कही।

शहर के वार्ड नंबर 7 रामनगर निवासी संतोष सिंह को पथरी के उपचार के लिए शुक्ला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, यहां उनका चिकित्सकों ने ऑपरेशन किया। जिसके बाद निरंतर रक्तस्राव होने की वजह से उनकी स्थिति नाजुक हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि चार दिन पूर्व उन्हें पथरी के उपचार के लिए यहां भर्ती किया गया था। सोमवार दोपहर ऑपरेशन के बाद उनका खून बंद नहीं हो रहा था। पांच बोतल खून का इंतजाम करने कहा गया, हमने खून भी लाया और खून चढ़ाया गया। इसके बाद शाम लगभग 7-8 बजे उनकी हालत काफी सीरियस हो गई और रात 11-12 बजे के बीच कहा गया कि उनकी कंडीशन ठीक नहीं है, इन्हें रायपुर ले जाइए। इसके बाद यहां से रायपुर रिफर कर दिया गया, जहां पर जाने से उनकी मौत हो गई।



#### शव लेकर पहुंचे अस्पताल

मृतक के परिजन मृतक का शव रायपुर से सीधे एम्बुलेंस के जरिये शुक्ला अस्पताल लेकर पहुंचे और अस्पताल के सामने उनका शव वाहन में रखकर अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही से मौत का आरोप लगाया। इस दौरान आक्रोशित परिजनों और वार्ड के लोगों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम का प्रयास किया, जिन्हें समझाईस दी गई।

#### मुआवजे की मांग

अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों के खिलाफ आक्रोश बढ़ता देख पुलिस और प्रशासन की टीम सहित जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान परिजनों ने 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग की गई। मौके पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा 2 लाख नगद और 8 लाख का चेक बतौर मुआवजा दिया गया। जिसके बाद मामला शांत हुआ।

#### इलाज के नगद पैसे भी दिए

मृतक के पुत्र ने अस्पताल परिसर में पुलिस को बताया कि उनके पिता बाइक में बैठकर यहां आए थे। छोटी सर्जरी किया जाएगा, यह बताया गया था। वहीं उन्हें थायराइड, शुगर, बीपी है। इसकी जानकारी भी चिकित्सकों को दी गई थी। आयुष्मान कार्ड के अलावा 40 हजार नगद लगेगा, यह अभी कहा गया था। मृतक के भाई सुरेंद्र सिन्हा ने बताया कि हमने ऑपरेशन के लिए 90 हजार रुपए जमा भी कर दिए थे। उनके गलत ऑपरेशन से जान गई है।

### अवैध शराब बिक्री पर पुलिस ने की कार्रवाई

राजनांदगांव। धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले लोगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 16 जून को डोंगरगढ़ पुलिस एवं सायबर सेल की टीम द्वारा चौथना मोड़ शमशान घाट जेल रोड डोंगरगढ़ के पास आरोपी अमन नागदौने 26 साल निवासी बुधवारीपारा को अवैध रूप से शराब बिक्री करते 20 पौवा शोले देशी प्लेन शराब कीमती 1600 रुपए एवं बिक्री रकम 250 रुपए जब्त, ग्राम कुरूभाठ सामुदायिक भवन प्रज्ञागिरी रोड़ के पास घेराबंदी कर आरोपी राजु साहू 30 साल निवासी बुधवारीपारा को शराब तस्करी करते पकड़कर शराब जब्त किया।

माय एंगल




# गांजा, ड्रग्स, अवैध शराब पर करें सख्त कार्रवाई

राजनांदगांव। जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने क्राईम मीटिंग लेकर अपराध रोकने एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने, नशीले पदार्थ, गांजा, ड्रग्स, अवैध शराब तस्करों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा पुलिस अधिक्षक कार्यालय के सभागार में (राजपत्रित अधिकारी पुलिस) एवं थाना प्रभारियों की क्राईम मीटिंग ली गई। जिसमें कानून व्यवस्था एवं अपराधों के संबंध में जानकारी ली गई। अपराधों पर नियंत्रण एवं असामाजिक तत्वों, नशीले पदार्थों की खरीदी-बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए संदिग्ध लोगों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए। आपराधिक मामलों में फरार आरोपियों की धरपकड़ तेज करने स्थायी वारंटियों को जेल भेजने हेतु हिदायत दी गई। साथ ही गुंडा बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने हिस्ट्रीशीट गुंडा रजिस्टर में नाम दर्ज कर निगाह रखने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में संध्या एवं रात्रि गश्त करने। जिसमें थाना प्रभारी स्वयं उपस्थित रहने के लिए सख्त निर्देश दिया गया।



#### शिकायतों का निराकरण शीघ्र करें

क्रिटिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर की जानकारी रखने तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने कहा गया। आपरेशन तलाश अंतर्गत गुम इंसान की पतासाजी करने, नक्सल गतिविधियों पर नजर रखते सभी थाना समन्वय स्थापित कर नक्सल विरोधी ऑपरेशन सुनिचित करने, अपराध एवं शिकायतों का निराकरण जल्द से जल्द करने को कहा गया।

#### जागरूकता अभियान चलाए

इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे एनसीसीआरपी पोर्टल, समन्वय पोर्टल, जेसीसीटी पोर्टल, सायबर क्राईम पोर्टल आदि पर प्राप्त शिकायतों का निराकरण तत्काल करने के संबंध में कहा गया। साथ ही संबंधित पोर्टलों का प्रशिक्षण भी दिया गया। अपराधों में जब्ती गिरफ्तारी आदि विवेचना के दौरान फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं जानकारी ई-साक्ष्य के तहत अपलोड करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। सभी थाना व चौकी एवं यातायात शाखा प्रभारी को यातायात जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

घर में ट्रैक्टर टायर, टीवी, कूलर, किचन का सामान जलकर राख

# घर में लगी आग, सदमे से बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम मुंजालकला में रात्रि 11 बजे एक घर में अचानक आग लगने से घर का सामान जल गया। ग्रामीण एवं फायर बिग्रेड की टीम आग को बुझाने में जुटे रहे। उक्त घटना को देख घर के बुजुर्ग की सदमे में मौत हो गई। जिससे गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मुंजालकला में बीती रात 11 बजे झुमुक चंद्रवंशी के यहां आग लग गई। घर से धुंआ निकलते देख घर के लोग एवं आसपास के ग्रामीण एकत्र होकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इस मामले की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस एवं फायर बिग्रेड को दी। पुलिस एवं ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। बताया गया कि रात्रि में पूर्व सरपंच सावित्रीबाई द्वारा लगभग 12 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव को फोन कर आग लग जाने की जानकारी दी। श्रीमती वैष्णव ने तुरंत थाना गैंदाटोला व थाना डोंगरगांव में फोन कर फायर बिग्रेड वाहन तुरंत भेजने कहा। बताया गया कि आग लगने की घटना को देख सदमे में बुजुर्ग की मौत हो गई।



#### सामान जलकर खाक

आज सुबह जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ग्राम पंचायत मुंजालकला पहुंची और परिजनों से मुलाकात की। आगजनी के कारण घर व किचन पूरी तरह से जल चुका है। श्रीमती वैष्णव ने मौके पर तहसीलदार को फोन कर अवलोकन बनाकर हर संभव मदद दिलाने कहा। घर में ट्रैक्टर का टायर, टीवी, कूलर, किचन का सामान सब जलकर राख हो गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

#### गांव में शोक का माहौल

श्रीमती वैष्णव ने बताया कि दुख की बात यह है कि घर को जलता देख लगभग 68 वर्षीय झुमुक चंद्रवंशी की मृत्यु हो गई। श्रीमती वैष्णव ने श्रद्धांजलि दी। परमात्मा उनकी आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। इस दुख की घड़ी में हम सभी व ग्रामवासी परिवार के साथ हैं। साथ ही ग्राम पंचायत शिकारीमहका सरपंच प्रतिनिधि कुंदन बडोले, विमला सिन्हा व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सोहन साहू, चोवाराम समेत ग्रामवासी उपस्थित थे। घटना से गांव में शोक का माहौल है।


## ट्रेडमार्क / कॉपीराइट चेतावनी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार PAWAN GANSHANI, PROPRIETOR,GANAPATI FOOD INDUSTRIES, Anmol Parisar, Near Railway Station, Rajnandgaon, Pincode- 491441, Chhattisgarh, जो कि "Rusk & बेकरी उत्पादों" के निर्माता & व्यवसायी है और वर्ष 2012 से निरंतर अपने व्यवसाय में अपने बहुप्रतिष्ठित रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क "Samay JEE Milko" का उपयोग कर रहे हैं, अपने उत्तम गुणवत्ता और विश्वास से हमारे पक्षकार का ट्रेडमार्क न सिर्फ प्रतिष्ठा है अपितु हमारे पक्षकार की एकमात्र पहचान भी बन गया है। हमारे पक्षकार एक विशेष रंग संयोजन और आर्टवर्क के साथ अपने उत्तमतापूर्वक उत्पादों को वर्षों से बेचते आ रहे हैं, जिसकी सुरक्षा के लिए हमारे पक्षकार ने अपनी पैकेजिंग कॉपीराइट एक्ट,1957 & ट्रेडमार्क एक्ट,1999 में सुरक्षित है, जो निम्नलिखित है -




व्यापारिक सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि कुछ कतिपय लोग हमारे पक्षकार की प्रतिष्ठा से ईर्ष्यावश मिलते-जुलते ट्रेडमार्क और डिजाईन/ आर्टवर्क का प्रयोग कर भोले-भाले ग्राहकों और व्यापारियों के साथ धोखाधड़ी कर हमारे पक्षकार को व्यापारिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। जो व्यापारी ऐसा माल बेच रहे है उनके ऊपर भी कार्यवाही की जाएगी। ऐसे लोगों को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार के रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क और डिजाइन से मिलते जुलते नाम, रंग संयोजन और डिजाईन का प्रयोग गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। हमारे पक्षकार उक्त कतिपय लोगों के विरूद्ध दीवानी और फौजदारी कार्यवाही ट्रेडमार्क एक्ट 1999, कॉपीराईट एक्ट 1957 और भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र रहेगा और पुलिस कार्यवाही कर नकली माल/ब्रांड की जब्ती करवाने का अधिकार रहेगा, जिसके समस्त हर्जे खर्चे की जवाबदारी उक्त कतिपय लोगों की रहेगी जो ज्ञात रहे।

Rakesh Soni
Advocate, Intellect Goodwill LLP, 69, Patrakar Colony, Indore (M.P.) Pincode- 452018, Mo.- 9425318625

## खबर संक्षेप

### मछली पकड़ने पर प्रतिबंध

**मोहला।** राज्य सरकार ने वर्षा ऋतु के दौरान मछलियों की वंश वृद्धि एवं प्रजनन को ध्यान में रखते हुए मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। मत्स्य विभाग के सहायक संचालक एमके शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3 उपधारा 2 के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक क्लोज सीजन घोषित किया गया है। इस अवधि में नदी, नालों, तालाबों एवं जलाशयों में मछली पकडऩे की गतिविधियाँ पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगी। वह जलस्रोत जो किसी नदी-नाले से नहीं जुड़े हैं और जलाशयों में संचालित केज कल्चर पिंजरा पालन को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है।श्री शुक्ला ने बताया कि नियमों के उल्लंघन पर एक वर्ष तक का कारावास या 10 हजार तक जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है।

### रक्तदान करने पर सरपंच सुनीता सम्मानित

**डोंगरगांव।** विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर मेडीकल कालेज आडिटोरियम में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में ब्लाक के अधीन आने



वाली ग्राम पंचायत ओड़ारबांध में दूसरी बार निर्वाचिम महिला सरपंच सुनिता नरेन्द्र साहू एवं रोजगार सहायक अनुराधा टेबुरकर को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे ने सम्मानित किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के डीन, डॉक्टर्स, अधिकारी कर्मचारी, नर्स सरिता तिवारी उपस्थित थे। श्रीमती साहू को जागरूक महिला का सम्मान दिया गया। उल्लेखनीय है कि श्रीमती साहू ने दो बार ऐसे मरीज को खून दिया जिन्हे नितांत आवश्यकता थी। परिजन जब रक्तदाता ढूंढ रहे थे तब सरपंच श्रीमती साहू ने मानवता का परिचय देते हुए रक्तदान किया। इसी क्रम में दूसरी बार 10 वर्ष की बच्ची जिसे 5 यूनिट ब्लड की जरूरत थी के लिए रक्तदान किया था।

### पांच दिवसीय योग शिविर प्रारंभ

**सड़क अतरिया।** मंगलवार को आयुष विभाग के निर्देशन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय द्वारा पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया।अतिथि एवं ग्रामीणों ने मां धनवंतरी की पूजा अर्चना कर योग कक्षा शुरू किया। योग प्रशिक्षक ने विभिन्न योग, आसन, प्राणायाम करने का तरीका एवं उसके लाभ को बताया। शिविर आगामी 21 जून तक चलेगा।

### भगतराम निर्विरोध चुने गए प्रदेश अध्यक्ष

**डोंगरगढ़।** कर्मचारी विकास संघ रायपुर के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव



संपन्न हुआ। चुनाव में भगत राम धृतलहरे बने निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। श्याम रिसॉर्ट में आयुष विकास कर्मचारी संघ के प्रांत अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। राज्य निर्वाचन प्रभारी योगेश चौरे एवं भीष्म ठाकुर की पर्यवेक्षण में निर्वाचन कराया गया। आम सहमति से चुनाव कराने के लिए आमसभा की बैठक बुलाई गई। प्रांत अध्यक्ष के लिए चार ने नामांकन जमा किया। नाम वापसी की प्रक्रिया के दौरान तीन उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस ले लिया। चुनाव में मात्र एक उम्मीदवार होने के कारण भगत राम धृतलहरे को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। निर्वाचन के बाद श्री चौरे तथा श्री ठाकुर ने निर्वाचन प्रमाण पत्र जारी किया।

### गौशाला कमेटी के अध्यक्ष बने सिद्ध गोपाल

**डोंगरगढ़।** श्री कृष्ण गौशाला कमेटी के अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का चुनाव मुख्य निर्वाचन अधिकारी हेमंत साहू एवं सह निर्वाचन अधिकारी कुलदीप



साहू ने संपन्न कराया। चुनाव में निर्विरोध सिद्ध गोपाल नरेड़ी अध्यक्ष, आनंद अग्रवाल कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए है। नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री नरेड़ी ने अपनी कार्यकारणी का गठन करते हुए उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, गौतम चोपड़ा, कोषाध्यक्ष आनंद अग्रवाल, मंत्री प्रणय अग्रवाल, सह मंत्री गोवर्धन अग्रवाल, कार्यकारणी सदस्य राजेश अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, नवदीप अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, गणेश नरेड़ी, मनमोहन अग्रवाल को बनाया है। विशेष आमंत्रित सदस्य संदीप पचेरीवाल, केशव नरेड़ी, गोपाल दम्माणी, सावन अग्रवाल, पवन भुत, विवेक अग्रवाल, विष्णु मामराज अग्रवाल, श्याम अग्रवाल हैं। अध्यक्ष श्री नरेड़ी ने अगले तीन वर्षों में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा रखा।

### युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगांव।** क्षेत्र में अंधाधुंध रेत के अवैध खनन, परिवहन, शराब की अवैध बिक्री, अघोषित बिजली कटौती और खाद की किल्लत को गंभीरता



से लेते हुए युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष महेश सेन के नेतृत्व में कार्यक्रम ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने अगले 7 दिन के भीतर समुचित कदम नहीं उठाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन देने के दौरान जिला अध्यक्ष महेश सेन, राकेश साहू, पार्षद प्रियंक जैन, लिलेश पटेल, रितेश राजपूत, पुष्पेंद्र नेताम, राजा शर्मा, यादराम पटेल, मनोज निषाद, अजय श्रीवास, छोटू राजपूत, जसवंत ठाकुर, दुर्गेश पटेल, खिलेश्वर, दुर्गेश देवांगन, हेमचंद पटेल, अजय, मनीष आदि मौजूद थे।

## निधन



### सुफल वर्मा

**डोंगरगढ़।** जनपद उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा के पिता सुफल वर्मा का आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा बिजनापुर स्थित निवास से मुक्तिधाम गई, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।



### पुनिकराम सिन्हा

**मेंढ़ा।** मेंढ़ा निवासी पुनिकराम सिन्हा उम्र 65 वर्ष का निधन 16 जून को हो गया। वह कुछ महीने से अस्वस्थ थे। वह अपने पीछे दो पुत्र, दो पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वह सिन्हा समाज के पूर्व क्षेत्राधिकार व ग्राम प्रमुख का दायित्व निभा चुके हैं।

## पहले दिन स्वागत के बाद गणवेश और पुस्तकों का वितरण

# बजी घंटी, बच्चों का हुआ स्कूलों में स्वागत







हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

शासकीय हाईस्कूल घिरघोली में सोमवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कोमल जंघेल थे। अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष राजू जंघेल ने की। विशिष्ट अतिथि प्रकाश जंघेल, रोहित जंघेल थे। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद अतिथि एवं छात्रों का स्वागत किया गया। इस मौके पर श्री जंघेल ने साय सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि युक्तिकरण के माध्यम से शिक्षक विहीन स्कूलों में शिक्षक व्यवस्था को दुरुस्त किया जिससे स्कूलों में पढाई सुनिश्चित हुई है।

जनपद उपाध्यक्ष राजु जंघेल ने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षक शिक्षिकाओं को आवश्यक निर्देश दिया। रोहित जंघेल ने स्कूल की वर्तमान प्रगति पर प्रकाश डालते हुए आगामी योजनाओं की चर्चा की। इस मौके पर छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक व ड्रेस प्रदान किया गया। संचालन प्राचार्य श्री यादव ने किया। कार्यक्रम में परदेसी यादव, युवराज ठाकुर, हेमंत जंघेल, दूधेराम ध्रुवे, सागर जंघेल, गजानन साहू, भूषणदास मानिकपुरी, संजय मनहरे, आत्माराम जंघेल, लिकेश साहू, मनीराम रात्रे, प्रभारी प्राचार्य सुनील यादव, ज्योति जडेजा, पूजासिंह, सुनीता सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

इसी प्रकार प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला खैरबना में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार शामिल हुए। इस दौरान डोमारसिंह भेड़िया, गैंदलाल जंघेल, कपूर खुशरो, कन्हैया जंघेल मौजूद थे। नवप्रवेशित छात्रों का मुंह मीठा करा कर स्वागत किया गया। प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला चकनार में सरपंच वंदना लालचंद के आतिथ्य में प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला सड़क अतरिया में पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसी प्रकार प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला कुकुरमुडा, पूर्व माध्यमिक मानपुर नाका, जीराटोला, दौजरी, खैरा नवापारा, संड़ी, गुमानपुर, पंडरिया, दौजरी, साखा, पुरेना में नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत किया गया।

### महिला समूह ने खिलाया खीर पुड़ी

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक विद्यालय छपारा में 16 जून को प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने



छत्तीसगढ़ महतारी एवं माँ शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात नव प्रवेशी बच्चों का तिलक अभिनंदन कर गणवेश, पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। इस मौके पर शाला समिति के अध्यक्ष गनपत साहू ने 5, 8, 10, 12 वीं की परीक्षा में अच्छे अंक लाने पर 500 रूपए देने की घोषणा किया। इस वर्ष 5वीं में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर यसकुमार साहू को 500 देने का वादा किया। कार्यक्रम में सावित्री साहू, जितेन्द्र गेंड्रे, लक्ष्मी साहू, हरिश्वरी पटेल ने संबोधित किया। अंत में आभार प्रधान पाठक मदन मंडावी ने व्यक्त किया। इस दौरान लोकनाथ कंवर, उगेशकुमार धुर्वे, ढालचंद कोसा, दुर्गा साहू, निशा पटेल, कोमल साहू आदि उपस्थित थे। अंत में मध्यान्ह भोजन समूह की ओर से खीर,पूरी, सब्जी का वितरण किया गया।

पांचवी और आठवीं की अंकसूची का वितरण किया जा रहा है। कुछ विद्यालय की अंकसूची में गड़बड़ी होने की जानकारी मिली है। पूर्व माध्यमिक शाला मानपुर में अंकसूची का यूडाईस कोड ही गलत है जिससे अंकसूची वितरण नहीं हो पाया है। अंकसूची नहीं मिलने से अगली कक्षा में दाखिला लेने में बच्चों को परेशानी हो रही है।

**बांधाबाजार।** प्राथमिक शाला तेलीटोला में सोमवार को प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों को किताब एवं गणवेश वितरित किया गया। अतिथि के रूप में जनपद सदस्य संदीप मेश्राम, जनपद सीईओ प्रियवंदना रामटेके, बीईओ श्री दीवार, सरपंच जागेश्वर कोमरे, उपसरपंच अमित निषाद, अनिल साहू, मेहतरु बसु, परमेश्वर सिन्हा, शाल विकास समिति अध्यक्ष सहित सदस्य शामिल हुए।

**पटेवा।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रेंगाकठेरा में 16 जून को प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि सरपंच दिलेश्वर यदु थे। पूजा अर्चना और स्वागत के बाद सरपंच श्री यदु ने नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर अभिनंदन किया। सभी बच्चों को गणवेश, त्रिभाषाई पुस्तिका एवं अभ्यास पुस्तिका का वितरण किया गया। चाकलेट खिलाकर कर मुंह मीठा कराया गया। अंत में खीर पूड़ी वितरण किया गया। संचालन प्रधानपाठक केएल साहू ने किया।

**गंडई पंडरिया।** पूर्व माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शाला धोंधा में संयुक्त रूप से प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बच्चों को गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर और गणवेश प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया। इस मौके पर अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित स्कूल आने, नियमों का पालन करने और मन लगाकर पढ़ाई कर अच्छे अंक प्राप्त करने प्रेरित किया। न्यौता भोज में बच्चों को खीर, पुरी, दाल, चावल, सब्जी, अचार, पापड़ और सलाद खिलाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य जेपीएन श्रीवास्तव, प्रधानपाठक शेष नारायण साहू, पूर्व प्राचार्य दुर्जन जंघेल, संकुल समन्वयक रामसुख निषाद, सरपंच दूजेराम वर्मा, रामाधार वर्मा, अनिश गौतम सहित अन्य उपस्थित थे।

**मुसरा।** प्राथमिक शाला सेनडोंगर में सोमवार को प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष माखनलाल कोसरिया, प्रहलाद ओझा, चमेली पडोती, वीणा धरमगुड़े, रामेश्वरी, यशोदा, गीतांजली, प्रधानपाठक सुधाकर धरमगुड़े आदि मौजूद थे। देवेन्द्र खोब्रागढ़े ने कार्यक्रम का संचालन किया।



### नियमित स्कूल आने का आह्वान

**छुईखदान।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुईखदान में प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों में उल्लास का माहौल रहा। शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अतिथियों ने नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर एवं मीठा खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान पुस्तक एवं गणवेश वितरित किया गया। बच्चों से बात करते हुए शिक्षक शिक्षिकाओं अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किया। प्राचार्य अनिल पाल ने बताया कि बच्चों में सेवा भावना विकसित करने एनसीसी आरंभ किया जाएगा साथ ही कौशल विकास के लिए ब्यूटी पार्लर, हेल्थ केयर, सिलाई कढ़ाई जैसे कोर्स शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे। इस अवसर पर आलोक यादव, मोहन कामड़े, संजय शर्मा, अनिल यादव, दीपक देशमुख सहित अन्य उपस्थित थे।

**जेवरतला रोड।** नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही शासन के निर्देनुसार सोमवार को प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चे.ब.नवागाँव में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नव प्रवेशी बच्चों की आरती उतारकर गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। निःशुल्क गणवेश वितरण किया गया। मध्यान्ह भोजन संचालनकर्ता समूह ने न्योता भोज आयोजित कर बच्चों को खीर,पुरी खिलाया। उपस्थितजनों ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे बढ़ने प्रेरित किया। कार्यक्रम में सुनीता पटेल, उपसरपंच मानकर, अंकालू पटेल, श्रवण साहू, भूपेन्द्र साहू, तेजराम साहू, डोमेश साहू, चमेली साहू, कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, गोमती पटेल, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, चैतन्य देवांगन ,मोनिका ठाकुर उपस्थित थे। शिक्षक बसंत साहू का स्वागत किया गया।







# अपहरण के आरोपी को कारावास और अर्थदंड

- जुर्माना नहीं भरने पर भुगतना पड़ेगा अतिरिक्त सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

आरोपी चीकू उर्फ विकास पटेल को धारा 65 बीएनएस एवं बालक संरक्षण अधिनियम की धारा 6 तथा धारा 137 बीएनएस के तहत क्रमशः 20 वर्ष, 5 वर्ष का सश्रम कारावास तथा क्रमशः 5000-1000 रूपए अर्थदंड से दंडित किया गया है।

आरोपी चीकी उर्फ विकास पटेल पिता रोहित पटेल निवासी लाल बहादुर नगर पर चिचोला की पीडिता को अपने घर ले जाकर उसका व्यपहरण, अपहरण करने, गलत काम करने का आरोप लगा था। पीडिता तथा अन्य साक्षियों के कथन के आधार पर आरोप प्रमाणित पाए जाने पर अपर सत्र न्यायालय प्रतिभा वर्मा ने अभियुक्त चीकू उर्फ विकास पटेल को दंडित करने का आदेश पारित किया है। अर्थदंड की राशि अदा न करने पर क्रमशः 6 माह व 2 माह का समश्र कारावास का आदेश दिया है। इस प्रकरण में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक ज्योति सोनवानी ने पैरवी किया।

# छुईखदान में गायत्री दीप महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

- सत्कर्म और स्वाध्याय करना किया प्रेरित

निकटवर्ती ग्राम छुईखदान में अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए नीलिमा सिन्हा ने भजन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात गायत्री परिवार के जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा ने मनुष्य की गौरव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य सत्कर्म करके इसी जीवन में देवता बन सकता है। मनुष्य को निरंतर श्रेष्ठ चिंतन, श्रेष्ठ कर्म और स्वाध्याय करते रहना



चाहिए। उन्होंने यज्ञ का तात्पर्य बताते हुए कहा कि सत्कर्म करना ही यज्ञ है। सत्कर्म करते हुए मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाने का प्रयास करना चाहिए। अंत में मंत्रोच्चार के साथ दीप जलाकर गायत्री महामंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियां समर्पित की गई। तत्पश्चात संगीतमय आरती किया गया । अंत में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य रेशमा साहू, कांति साहू, मोतिम साहू ,किरतिभा साहू ललिता साहू आदि शामिल हुए।

# अभिषेक तिवारी बने नए एसडीएम

**डोंगरगढ़।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने प्रशासनिक बदलाव करते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी मनोज मरकाम को जिला कार्यालय में वापस बुलाया है। उन्हें डिप्टी कलेक्टर का दायित्व सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी को डोंगरगढ़ का नया अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बनाया गया है। इसी प्रकार लालबहादुर नगर के सोनित मेरिया को अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ कमल किशोर साहू को तहसील कार्यालय लाल बहादुर नगर में पदस्थ किया गया है। तहसीलदार मुकेश ठाकुर को तहसील कार्यालय घुमका एवं घुमका के नीलकंठ जनबंधु को तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ का तहसीलदार नियुक्त किया गया है।

## आयोजन में 76 बालिकाओं ने लिया हिस्सा

# सब जूनियर बालिका हॉकी टीम चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ हॉकी की सब जूनियर बालिका हॉकी टीम के लिए एक दिवसीय चयन स्पर्धा विगत दिवस अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के मार्गदर्शन में आयोजित की गई । जिसमें छत्तीसगढ़ हॉकी से मान्यता प्राप्त जिले एवं संस्थानों से कुल 76 बालिका हॉकी खिलाड़ियों ने भाग लिया।

छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया की आगामी 03 से 14 जुलाई तक रांची (झारखंड) में 15वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका हॉकी चैम्पियनशिप आयोजित की जा रही है। इसके लिए राज्य की टीम के संभावित खिलाड़ियों का चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 26 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयन पश्चात 26 संभावित सब जूनियर बालिका हॉकी खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर बहुत जल्द अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगंव में आयोजित किया जाएगा। नेशनल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ अपना पहला मैच 3 जुलाई को दादर नागर हवेली के साथ खेलेगी।

उक्त चयन स्पर्धा में छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, एनआईएस हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव, साई के हॉकी कोच परमजीत सिंह, रायपुर हॉकी अकादमी के प्रहलाद तांडी, विष्णु यादव, खेलो इंडिया सेंटर बस्तर के कोच कार्तिक यादव, शैलेन्द्र वर्मा, हिमांशु कबीरधाम से तथा आशा थॉमस, कृष्णा यादव, हिमांशु मलिक व आयुष साहू आदि उपस्थित थे।

# बांसभीरा में महुआ शराब जब्त, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- आरोपी से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद

साल्हेवारा पुलिस ने 15 जून को बांसभीरा के एक घर से बड़ी मात्रा में कच्ची महुआ शराब जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने गुमान सिंह तिलगाम पुत्र दुलमसिंह तिलगाम निवासी बांसभीरा को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक कुलेश्वर सिन्हा टीम के साथ पेट्रोलिंग पर थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि गुमान तिलगाम अपने घर पर अवैध रूप से शराब बनाकर रखे हुए हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई। इस दौरान एक पीले रंग के प्लास्टिक डिब्बे में लगभग 10 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 1200 रुपए है। पुलिस ने मौके पर गवाहों के समक्ष कार्रवाई करते हुए शराब जब्त किया। आरोपी गुमान सिंह के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य रूकवाया

# स्कूल गेट के पास सरकारी जमीन पर अवैध शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शिक्षा के मंदिर की चौखट पार करते ही देश के भविष्य नौनिहालों को नवीन स्वरूप दिया जाता है वही उसी चौखट पर अतिक्रमण की नींव डाली जा रही है। ब्लाक के जालबांधा में मिडिल स्कूल और कॉलेज के मुख्य गेट से सटे सरकारी जमीन पर अवैध रूप से एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था जिसे देखते ही प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए काम रूकवा दिया है।

शासकीय रिकॉर्ड अनुसार खसरा नंबर 602/2 पूर्व से ही वर्षा ऋृतु में जलभराव क्षेत्र और शाला परसिर की प्राकृतिक जल निकासी का मार्ग है जहॉ जालबांधा निवासी मुकेश पिता प्रहलाद वर्मा द्वारा कथित रूप से अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा था। पंचायत ने मामले को गंभीरता से लिया और उनकी आपत्ति बाद सचिव दुलार कोसरे और सरपंच संतोषी जयराम वर्मा की मौजूदगी में राजस्व निरीक्षक और पटवारी ने स्थल निरीक्षण कर पंचनामा बनाया जिसके बाद प्रशासन ने अतिक्रमणकर्ता मुकेश वर्मा को तीन दिन के भीतर अवैध निर्माण हटाने कहा है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में नहीं हटाया गया, तो पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 56(1)(2) के अंतर्गत विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए निर्माण को राजसात घोषित किया जाएगा। साथ ही संबंधित व्यक्ति को कानूनी रूप से उत्तरदायी ठहराया जाएगा।



### एचएम की आपत्ति बाद भी नहीं रूका था काम

सरपंच प्रतिनिधि जयराम वर्मा ने बताया कि उक्त जमीन को भविष्य की जनहितकारी योजनाओं के लिए पंचायत की सर्वसम्मति से सरकारी उपयोग के लिए सुरक्षित रखने का प्रस्ताव लिया गया है। अवैध निर्माण के कारण शाला परिसर में गंभीर जलजमाव की स्थिति बन गई है, जिससे बच्चों के शाला आने जाने मे बाधा हो रही है। मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक आरमानंद अत्यूष्ट ने भी इस संबंध मे अनुविभागीय अधिकारी से जलनिकासी की व्यवस्था बहाल करने और अतिक्रमण रोकने की मांग की थी। गौरतलब है कि सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने सख्त प्रशासनिक कदम से न केवल बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी बल्कि भविष्य में शासकीय योजनाओं जैसे पार्क, जल संरक्षण या सामुदायिक भवन आदि के लिए सरकारी जमीन सुरक्षित रह सकेगी।

# शिक्षकों की कमी से ईग्नाईट शाला में बच्चों की पढ़ाई संकट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



क्षेत्र की एकमात्र शासकीय अंग्रेजी माध्यम शासकीय आंग्ल पूर्व माध्यमिक शाला ईग्नाइट इन दिनों शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहा है। विद्यालय में कक्षा संचालन नियमित करने के लिए न्यूनतम शिक्षकीय व्यवस्था भी उपलब्ध नहीं है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

पालक संघ अध्यक्ष संदीप सिरमौर के नेतृत्व मे पालक संघ के सदस्यों ने कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौपकर बताया कि शाला में पंजीकृत छात्र संख्या विगत सत्र में 124 थी और इस वर्ष भी दर्ज संख्या उतनी ही या उससे अधिक रहने की संभावना है। बावजूद इसके वर्तमान में केवल तीन शिक्षक कार्यरत हैं, जिनमें से एक प्रधानपाठक और एक संस्कृत शिक्षक हैं। अंग्रेजी माध्यम के लिए नियुक्त विज्ञान शिक्षक रुपेश कुमार देशलहरे गंभीर रूप से बीमार हैं और लंबे समय से मेडिकल अवकाश पर हैं, वहीं अंग्रेजी विषय की शिक्षिका हेमलता जंघेल का स्थानांतरण हो चुका है। स्थिति यह है कि विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई लगभग ठप्प पड़ी है। यदि शीघ्र ही गणित व विज्ञान विषय के शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की गई, तो बच्चों की शिक्षा पर गहरा असर पड़ेगा।

### पालक संघ ने रखी मांग

पालक संघ ने प्रशासन से मांग की है कि शाला की महत्ता और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए दो शिक्षकों की तत्काल अस्थाई व्यवस्था की जाए। नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया होने तक वैकल्पिक शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि एक ओर सरकार अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को बढ़ावा देने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर ज़मीनी हकीकत यह है कि यहां बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षक ही नहीं हैं। यदि शीघ्र पहल नहीं हुई तो पालकों को मजबूरीवश निजी विद्यालयों की ओर रुख करना पड़ सकता है, जो सभी के सामथ्र्य से बाहर है। इस दौरान विजय तोड़े, चुरेंद्र साहू, हरी साहू, लोकेश साहू सहित अन्य पालकगण तथा विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन उपस्थित थे।

# युवा जिला कार्यवाहक अध्यक्ष बने डॉ. प्रकाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला कोसरिया यादव महासभा की बैठक कौरिनभाठा में जिला कोसरिया यादव महासभा के अध्यक्ष कंसूराम यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

बैठक में कोसरिया यादव महासभा राजनांदगांव की आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा जिला कोसरिया यादव महासभा के पदाधिकारीगण, संरक्षकगण, तहसील अध्यक्ष, सर्किल पदाधिकारीगण, महिला पदाधिकारीगण, युवा पदाधिकारी की उपस्थिति में जन्माष्टमी, यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सामूहिक विवाह, जिला महाधिवेशन करने को लेकर जिला संरक्षक कार्तिकराम यादव ने प्रस्ताव रखा, जिसे बैठक में उपस्थित स्वजातीय बंधुओं ने एक स्वर में सहमति जताई।

बैठक को जिला अध्यक्ष कंसूराम यादव, संरक्षक केआर यादव, महामंत्री महेश यादव, सर्व यादव के प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश यादव, जिला उपाध्यक्ष राधेलाल यादव, सचिव रेखचंद यादव, जिला उपाध्यक्ष सुरेश यादव, दुर्गाप्रसाद यादव, शीलू यादव, जयपाल यादव, गोविंद यादव ने भी संबोधित किया। जिला युवा कोसरिया यादव की संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करने जिला युवा कोसरिया यादव समाज का विस्तार सर्व सम्मति से जिला जिला युवा संरक्षक दुर्गाप्रसाद यादव, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष अनिल यादव, उपाध्यक्ष टिकेश्वर यादव, सचिव तीर्थ यादव, सहसचिव बरातु यादव, जिला कार्यकारिणी में नारायण यादव, धर्मसिंह यादव, तोमन यादव, उत्तम यादव, देवा यादव को सर्वसहमति है। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी दुर्गाप्रसाद यादव ने दी।

## 15 अगस्त तक क्लोज सीजन घोषित

**राजनांदगांव।** शासन द्वारा वर्षा ऋृतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते मछलियों के संरक्षण हेतु छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक बंद ऋृतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी नदियों-नालों तथा छोटी नदियों के रूप में जिन पर सिंचाई के तालाब जलाशय जो निर्मित किए गए है, में किए जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेंगे। नियमों का उल्लंघन करने पर 1 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रुपए का अर्थदंड अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है। नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी-नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किए जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होंगे।

## आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत राजनांदगांव तहसील के आपदा प्रभावितों एवं उनके परिजनों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके तहत अतिवृष्टि से 1 मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रुपए, अतिवृष्टि से कपड़ा व बर्तन क्षति होने पर 10 हजार रुपए, एनीकट के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, आग से एक मकान पूर्णतः क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार रुपए एवं आग से जलने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# बुंदेली में सीसी रोड और काम्प्लेक्स निर्माण का भूमिपूजन

- बरसात के दिनों में कीचड़ से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



छुईखदान ब्लॉक के ग्रापं बुंदेली में विकास की दिशा में एक और कदम उठाते हुए वार्ड 4 में तीन लाख लागत वाले सीसी रोड और बाजार चौक में व्यावसायिक परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किया।

गॉव में सरपंच दिवाकर सोनी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिपं उपाध्यक्ष सहित अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन सम्पन्न हुआ।

इस दौरान जिपं सदस्य ललित चोपड़ा, सरपंच अनिता भगवती पाल, उपसरपंच मधु पाल, पंच ईश्वर जंघेल, गोपी जंघेल, चंदा चेलक, मुकेश यादव, कमता ठाकुर, सोमनाथ, अजय रजक, अशोक पाल, टीकाराम, पुरुषोत्तम सेन, उत्तमचंद बोहरा, प्रेमचंद बोहरा, महेन्द्र, मुन्ना गुप्ता, उत्तम गुप्ता, बालमुकुंद चौबे, बिहारी जंघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### योजनाओं की दी जानकारी

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि सीसी रोड बनने से बरसात के दिनों में कीचड़ की समस्या से निजात मिलेगी, वहीं व्यावसायिक परिसर से ग्राम पंचायत को आय का स्थायी स्रोत मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को चाहिए कि सड़क से लगे क्षेत्रों में व्यावसायिक परिसरों का निर्माण प्राथमिकता से करें, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिले और पंचायत की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हो। उन्होंने राज्य और केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं के लिए चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी और कहा कि डबल इंजन की सरकार से गॉवों का बहुआयामी विकास सुनिश्चित हो रहा है।

# शिक्षा के नाम पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- स्कूली बच्चों ने की विक्रांत सिंह से शिक्षिका की शिकायत



शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़े एक गंभीर मामले में छुईखदान ब्लॉक के दनिया के प्राथमिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपने अपने अभिभावकों के साथ खैरागढ़ पहुंचकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से मुलाकात कर स्कूल में पदस्थ शिक्षिका की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने एक सुर में कहा कि उक्त शिक्षिका स्कूल में नियमित पढ़ाई नहीं कराती जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित हो रही है।

उन्होंने बताया कि शिक्षिका के खिलाफ पहले भी शिकायत की गई थी, लेकिन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा मामले को नजर अंदाज कर दिया गया और अब तक कोई ठोस कारवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि स्कूल में पदस्थ शिक्षक दया जोशी के आने के बाद से पढ़ाई का माहौल सुधरा था और बच्चों की शिक्षा में स्पष्ट सुधार देखने को मिला, लेकिन उनका युक्तियुक्तकरण के तहत दूसरे जगह स्थानांतरण किया गया वही उनको वापस लाने का निवेदन किया गया व शिक्षिका की लापरवाही स्कूल के विकास में बाधा बन रही है जिसे तत्काल हटाने का आग्रह किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पढ़ाई में लापरवाही बरतने वाली शिक्षिका को स्कूल से हटाया जाए। उन्होंने बच्चों और पालकों को आश्वस्त किया कि उनकी पढ़ाई में कोई व्यवधान नहीं आने दिया जाएगा और शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बच्चों और अभिभावकों ने विक्रांत सिंह का आभार जताते हुए उन्हे अपने गांव आने का न्यौता दिया।

# यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- नियमित रूप से की जा रही वाहनों की जांच

यातायात पुलिस द्वारा लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं नियमित रूप से वाहनों की जांच भी की जा रही है।

यातायात पुलिस खैरागढ़ द्वारा आमजनों के बीच जाकर लोगों की जानमाल की रक्षा हेतु जागरूकता का कार्यक्रम निरंतर चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में 13 जून को थाना ठेलकाडीह के मुख्य बाजार चौक व 14 जून को थाना छुईखदान क्षेत्रांतर्गत मुख्य चौराहा जयस्तंभ, बस स्टैंड में वाहन चालकों की वाहनों के दस्तावेजों को चेक किया गया।

### लोगों को दी समझाईस

चेकिंग कर खामियां पाए जाने पर वाहन चालकों को पूर्ण करने समझाइस दिया गया। वाहन चलाते समय वाहन का पूर्ण दस्तावेज जैसे वाहन का बीमा, ड्राईविंग लाइसेंस,, फिटनेस सहित समस्त दस्तावेजों को रखने समझाइस दिया गया। गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ने के साथ ही मृत्यु दर के बढ़ते आंकड़े एक चिंताजनक होने से दुर्घटनाओं को रोकने व मृत्यु दर में कमी लाने घायलों को सीपीआर के माध्यम से कृत्रिम सांस देना, गोल्ड़न आवर में घायलों की मदद, वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन कर दोपहिया में हेलमेट, चार पहिया में सीट बेल्ट लगाने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, राहवीर (गुड सेमेरिटन ), हिट एंड रन, दुर्घटना में घायलों का नगद रहित इलाज के संबंध, आवारा मवेशियों को खुले में नहीं छोड़ने, विशेषकर मालवाहक में यात्री परिवहन नहीं करने, समस्त वाहनों में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों में हाई स्कोरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगाने समझाइश दिया। कार्रवाई करते कुल 23 प्रकरण में 13300 रुपए की चालानी कार्रवाई मोटर व्हीकल के अंतर्गत किया गया।

## अतिथियों ने बच्चों के साथ किया भोजन, स्कूल की गौरवशाली परंपरा का किया बखान

# पीएम श्री बख्शी स्कूल में जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



शहर के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित पीएमश्री पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शाउमा विद्यालय में सांसद संतोष पांडेय के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।

मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय ने विद्यालय की गौरवशाली परंपरा और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को प्रेरणास्पद ढंग से रेखांकित करते हुए छात्र-छात्राओं, पालकों और शिक्षकों से कहा कि यह स्कूल केवल एक भवन नहीं बल्कि खैरागढ़ की बौद्धिक धरोहर और शिक्षा की मजबूत नींव है। सांसद पाण्डेय ने बताया कि इस विद्यालय की नींव सन्‌ 1885 में रियासत के तत्कालीन शासक राजा कमल नारायण सिंह ने अपनी शिक्षा के लिए रखी थी।

यह बात अपने आप में अनोखी है कि एक राजा ने जिस विद्यालय में पढ़ाई की, वही आज अंचल की पीढ़ीयों को शिक्षा दे रहा है। राजा कमल नारायण सिंह न केवल शिक्षित व्यक्ति थे बल्कि साहित्यकार भी थे। उन्होंने शीतला यश मालिका, कमल नारायण प्रहर्ष सहित कुल सात उल्लेखनीय कृतियां रची, जो आज भी साहित्य और इतिहास के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं। विद्यालय के इतिहास की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यहां शिक्षकों की जो परंपरा रही है, वह अद्वितीय है। इसी विद्यालय में मप्र के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल ने अध्यापन किया था और यहीं के एक अन्य शिक्षक डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी हिंदी साहित्य के प्रतिष्ठित स्तंभ रहे हैं, जिनके नाम पर आज यह विद्यालय जाना जाता है। सांसद ने कहा कि यह गौरवपूर्ण विरासत आज के विद्यार्थियों को एक बड़ी प्रेरणा देती है और यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे इस यशगाथा को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा को सुदृढ़ करने हेतु केंद्र और राज्य सरकारें निरंतर प्रयासरत हैं। पीएमश्री योजना जैसे नवाचारों से विद्यालयों में गुणवत्ता युक्त अधोसंरचना, डिजिटल लर्निंग, प्रशिक्षित शिक्षक और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की प्राथमिकता है कि हर बच्चा समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़ सके।

### शिक्षा साक्षर होने का माध्यम नहीं, समाज विकास की नींव है

अध्यक्षीय संबोधन मे विधायक यशोदा वर्मा ने भरदाकला के छात्र खोमन साहू की विशेष उपलब्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे विद्यार्थी पूरे जिले का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें ग्रामीण अंचल के बच्चों को विशेष अवसर और मंच देने की आवश्यकता है ताकि उनकी प्रतिभा देश-प्रदेश तक पहुंच सके। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि जिले में शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार व समावेशी विकास के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल साक्षरता का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास की नींव है। उन्होंने राज्य शासन द्वारा शालाओं के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की सराहना करते हुए बताया कि अब शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय शालाओं में पारदर्शी ढंग से शिक्षकों की पदस्थापना की गई है, जिससे शिक्षण व्यवस्था में मजबूती आई है। इंस्पायर योजना के तहत स्मार्ट शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि को लेकर भरदा कला के छात्र को बधाई दी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों तथा पालकों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने विशेष अभियान चलाएं और नवाचारों को अपनाते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है, आने वाले समय में सभी शालाओं में संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, डीईओ लाल द्विवेदी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी छात्र-छात्राओं को शुभकामना सहित सरकार की विभिन्न शैक्षिक योजनाओं और संसाधनों की जानकारी दी और अपील की कि वे बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और उनकी पढ़ाई में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### शैक्षणिक सामग्री वितरण और भोजन ने रचा यादगार पल

सांसद, विधायक सहित अन्य अतिथियों द्वारा छात्र छात्राओं को निशुल्क पाठ्यपुस्तकें और निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। इसके साथ ही अतिथियों ने बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण कर आत्मीयता और सौहार्द का संदेश दिया। परिसर में बच्चों की प्रस्तुतियों और प्रेरक भाषणों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। प्राचार्य रोशनलाल वर्मा व स्टाफ द्वारा अतिथियों का अभिनंदन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनने के साथ साथ बल्कि शिक्षा, इतिहास और समर्पण के समन्वय से एक नई कहानी रचने की शुरुआत भी साबित हुआ। इस दौरान पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू, जनपद अध्यक्ष राजेश्री त्रिपाठी, नपा अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, खम्हन ताम्रकार, बिशेसर साहू, प्रेम नारायण चंद्राकर, राकेश गुप्ता, डॉ शैलेन्द्र त्रिपाठी, जनपद सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा, पार्षद देवन्तिन कोठले, शाला विकास समिति अध्यक्ष शशांक ताम्रकार, आलोक श्रीवास, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, बीईओ नीलम राजपूत, प्राचार्य रोशनलाल वर्मा, व्याख्याता डॉ कमलेश्वर सिंह, अनुराग सिंह, संजय श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित थे।



## सार समाचार

### आलीवारा स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव

**राजनांदगांव**। नया शिक्षा सत्र 2025-26 के प्रथम दिवस गत दिनों को शा.उ.मा.शा.आलीवारा में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि आलीवारा सरपंच इतवारीराम वर्मा व अध्यक्षता शाला के प्रभारी प्राचार्य जेएल हुमने ने किया। कक्षा 9वीं के नवप्रवेशी बच्चों का मुख्य अतिथि ने तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि के कर कमलों से शासन द्वारा प्राप्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया। विशेष अतिथियों में शिव यादव, राजेश्वरी खोबरागड़े, रचना यादव, दुर्गा प्रसाद वर्मा, गीता वर्मा, कौशिल्या वर्मा, देवकी वर्मा, पूर्णिमा पटेल आदि उपस्थित थे।



### 20 से दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर

**राजनांदगांव**। संस्कृत भारती के राजनांदगांव इकाई द्वारा 20 जून से दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सभी के लिए निःशुल्क रहेगा है। इसमें धारा प्रवाह संस्कृत बोलना, पढ़ना और श्लोक वाचन की कला सिखाई जाएगी।

संस्कृत भारती की जिला संयोजक डॉ. आकांक्षा विश्वकर्मा ने बताया कि राजनांदगांव के फौव्वारा चौक स्थित दंतेश्वरी मंदिर में संध्या 6 से 7 बजे तक प्रशिक्षण चलेगा। जिसमें सभी उम्र के लोगों को संस्कृत वार्तालाप सिखाया जाएगा। जिला प्रशिक्षण प्रभारी नीलम श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में संस्कृत खेल और मनोरंजन से संबंधित प्रशिक्षण दिए जाएंगे। संस्कृत भारती के नगर अध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि दस दिन के इस कार्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम तैयार कर लिए गए हैं। शिविर का उद्देश्य लोगों को संस्कृत में बातचीत करने प्रेरित करना है। शिविर के अंतिम दिन सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए रमन

**राजनांदगांव**। श्री बागेश्वर कसौंधन वैश्य (गुप्ता) समाज का प्रांतीय अधिवेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह गत 15 जून को रॉयल पैलेस में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, विशेष अतिथि बागेश्वर कसौंधन वैश्य (गुप्ता) समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विरेन्द्र गुप्ता व आयोजन समिति के अध्यक्ष बंशीलाल गुप्ता शामिल थे। इस अवसर पर विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने श्री बागेश्वर कसौंधन वैश्य (गुप्ता) समाज प्रदेश अध्यक्ष आशीष गुप्ता को शपथ दिलवाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष आशीष गुप्ता अपने कार्यकाल में समाज को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम में समाज के महिला व पुरूष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




### गौवंशों को बांधे जा रहे रेडियम बेल्ट

**राजनांदगांव**। जिलेभर में रात्रिकालीन हादसों में कमी लाने की दिशा में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं स्वास्तिक जनसमर्पण सेवा समिति ने एक सार्थक पहल की है। बरसात पूर्व अभियान के तहत रात्रि में घूमने वाले गौवंश को रेडियम पट्टी (बेल्ट) पहनाई जा रही है। जिससे वाहन चालकों को दूर से ही गौवंश दिखाई दे सके और दुर्घटनाओं से बचाव हो सके। इस बार राजनांदगांव के गौसेवकों, जीवसेवकों, पशु चिकित्सकों व संस्थाओं के समन्वय से 1000 गौवंशों को रेडियम बेल्ट पहनाने का लक्ष्य रखा गया है।



संभाग सह-संयोजक सुनील सेन, जिला संयोजक राहुल मिश्रा, जिला सह-संयोजक अंशुल कसार एवं सत्यम मिश्रा ने बताया कि यह सेवा विगत कई वर्षों से निरंतर जारी है और इसे वर्ष दर वर्ष व्यापक रूप दिया जा रहा है। इस सेवा अभियान में न सिर्फ संस्थाएं, बल्कि स्थानीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और पशुप्रेमी भी जुड़ रहे हैं। गौवंशों की सुरक्षा के साथ-साथ सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों की भी रक्षा करना इस पहल का उद्देश्य है।

### प्रदीप मिश्रा के खिलाफ कायस्थ समाज ने खोला मोर्चा

**राजनांदगांव**। कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज एवं यमराज के संबंध में की गई अभद्र व आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में कायस्थ समाज राजनांदगांव नें खुलकर मोर्चा खोल दिया है। कायस्थ समाज के सचिव राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि 14 जून को महाराष्ट्र के श्रीक्षेत्र चक्रमंडी बीड में आयोजित शिवपुराण कथा कार्यक्रम के दौरान कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने वेदब्यास पीठ से कायस्थों के कुलदेवता भगवान श्री चित्रगुप्त तथा मृत्यु के देवता यमराज के संबंध में अत्यंत अभद्र, आपत्तिजनक तथा अवमाननापूर्ण टिप्पणी किया गया। टिप्पणी से आहत होकर कायस्थ समाज राजनांदगांव द्वारा मंगलवार को आकस्मिक सामाजिक बैठक किया। जिसमें सर्वसम्मति से कथावाचक प्रदीप मिश्रा के खिलाफ घोर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। यदि सात दिवस के भीतर कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा सार्वजनिक मंच पर माफी नहीं मांगी जाती है तो कायस्थ समाज कानूनी कार्रवाई करने बाध्य होगा। इसी मांग को लेकर मंगलवार को कायस्थ समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में कायस्थ प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे से मिलकर मामले की पूरी जानकारी देते उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में सुरेंद्र श्रीवास्तव, रोहणीकांत श्रीवास्तव, आदेश श्रीवास्तव, गणेशलाल श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, डॉ. रत्नेश श्रीवास्तव, आशीष वर्मा आदि उपस्थित थे।



### निधन



#### पूरनलाल नागवंशी

**राजनांदगांव**। शंकरपुर निवासी पूरनलाल नागवंशी का 17 जून को दोपहर 3 बजे निधन हो गया है। वे जेतवन बुद्ध विहार के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। मृदभाषी व मिलसार व्यक्तित्व के धनी श्री नागवंशी अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा 18 जून को सुबह 10 बजे निज निवास से शंकरपुर मुक्तिधाम हेतु निकाली जाएगी।

## 20 को शासकीय कार्यालयों में होगा सघन पौधारोपण

# रेत, शराब के अवैध परिवहन पर करें प्रभावी कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर भुरे ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 20 जून को शासकीय कार्यालयों में सघन पौधरोपण किया जाएगा।

सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी पौधे लगाएंगे। उन्होंने बारिश को ध्यान में रखते छायादार एवं फलदार पौधे लगाने आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने जिले के सभी आंगनबाड़ी, छात्रावास-आश्रम, स्कूलों में पौधरोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दिग्विजय स्टेडियम में सुबह 7 से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समन्वय करते कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शहर के उद्यानों के सौंदर्यीकरण एवं मरम्मत के लिए उद्योगों को दायित्व सौंपा गया है। शहर के उद्यानों के सौंदर्यीकरण के लिए उद्योगों द्वारा किए जा रहे कार्यों की मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिवाईडर, रेलिंग को पेंट करने का कार्य प्राथमिकता से करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि रेत एवं शराब के अवैध परिवहन पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि रेत एवं शराब के अवैध परिवहन में किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी की संलिप्तता नहीं हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन तथा शराब के अवैध परिवहन पर निरंतर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही वन विभाग में पेड़ों की अवैध कटाई एवं पर्यावरण संबंधी मामलों में भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




#### जनजागरूकता लाने की जरूरत

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि जल शक्ति अभियान एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों में विभागों का अभिसरण सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में डायरिया को ध्यान में रखते जनजागरूकता लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तालाब, नाले की साफ-सफाई एवं स्वच्छता के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष तौर पर जनसामान्य को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में जानकारी दी।

#### बैठक में थे शामिल

इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, प्रशिक्षु डीएफओ अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ अभिषेक तिवारी, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### एनपीपीएस अब नए साज-सज्जा के साथ



**राजनांदगांव**। शहर के मध्य में स्थित नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग है। जिसमें बच्चों के भविष्य निर्माण हेतु एवं उनकी सुविधाओं व सुगमता को ध्यान में रखते नवनिर्मित भवन तैयार हो चुका है।

नवनिर्मित भवन में अब प्री-नर्सरी से केजी-2 एवं कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के लिए सर्वसुविधायुक्त पढ़ने-पढ़ाने हेतु बड़े-बड़े कक्षों का निर्माण कराया गया है। जिसमें नर्सरी से केजी-2 तक के बच्चों को खेलने हेतु बड़ा हॉल एवं खेल-खिलौने सहित प्ले-स्टेशन में बच्चों के खेलने हेतु सुविधायुक्त खिलौने, हवादार कमरों का निर्माण कराया गया है। नए भवन में स्मार्ट बोर्ड, डिजिटल प्रोजेक्टर और आरामदायक बैठने की जगह से सुसज्जित आधुनिक कक्षाएं हैं। भवन को सुरक्षा और संरक्षा को ध्यान में रखते डिजाइन किया गया है। जिसमें सीसी-टीवी कैमरे, सुरक्षित प्रवेश द्वार शामिल है। बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते आरओ वाटर (शुद्ध पेयजल) की भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## लोकगाथा 'भरथरी' को नाट्य स्वरूप में ढालना सराहनीय प्रयास : रमन

**राजनांदगांव**। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के सहयोग से संस्था 'रंगसरोवर' की प्रस्तुति लोकनाट्य उत्सव में वैराग्य की गाथा "भरथरी"का मंचन दूसरे दिन 15 जून की शाम शहर के गोविंदराम निर्मलकर सभागार में हुआ। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, विशेष अतिथि सांसद संतोष पांडे और महापौर मधुसूदन यादव ने लोकगायिका और भरथरी गायन की पुरोधा स्व. सुरूजबाई खांडे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भरथरी को गायन शैली में हम सबने स्व. सुरूजबाई खांडे व अन्य लोगों से खूब सुना है, लेकिन पहली बार नाट्य प्रस्तुति देख रहे हैं। उन्होंने निर्देशक और वरिष्ठ रंगकर्मी भूपेंद्र साहू के प्रयास की सराहना करते कहा कि ऐसे प्रयोग होते रहना चाहिए। सांसद संतोष पांडे ने उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए टीम को बधाई दी। अतिथियों ने कलाकारों का सम्मान किया। समन्वयक पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले ने अतिथियों को जानकारी दी कि महीनेभर सभी कलाकारों ने जमकर रिहर्सल की है और इसके बाद मंच पर उतरे हैं। इस अवसर पर लोक गायिका कविता वासनिक, उद्धव साहू, गोविंद साहू, हिमानी वासनिक, सुदेश यादव, तरुण गड़पायले, खेमचंद भारती, पप्पू सोनवानी, अनिल मात्रे, लोकनाथ बर्मन, दिलीप बर्मन, प्रीतम कोठारी, पप्पू साहू, रितेश, हर्ष, महादेव हिरवानी, लोक गायक तुषान्त बारले, जस गायक सुनील बंसोड़, कला समीक्षक भोकराज बारले, राजकुमार साहू और राकेश सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## लगातार सड़क दुर्घटनाओं से नाराज कांग्रेस ने घेरा पीडब्ल्यूडी दफ्तर

■ ब्रेकर निर्माण की रखी मांग

**राजनांदगांव**। डोंगरगढ़ शहर में आज कांग्रेस ने बढ़ती सड़क दुर्घटना को लेकर स्थानीय पीडब्ल्यूडी ऑफिस का घेराव किया। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजयराज सिंह सहित बड़ी संख्या में शहर के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने घंटों पीडब्ल्यूडी ऑफिस का घेराव कर जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़-खैरागढ़ मुख्य मार्ग पिछले लंबे समय से सड़क दुर्घटनाओं के अंबर के चलते लगातार खून से लाल होती आ रही है। जिसके चलते लंबे समय से शहर की जनता में प्रशासन को लेकर आक्रोश देखने को मिल रहा है। शहर की जनता लंबे समय से इस रोड में ट्रैफिक पुलिस, स्टॉपर और पीडब्ल्यूडी द्वारा ब्रेकर निर्माण की मांग करती आ रही है। जनता की मांगों को ना सुनने की वजह से कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर आज स्थानीय हाईस्कूल चौक में चक्काजाम की चेतावनी दी थी।

#### नहीं हो पाया चक्काजाम

चक्काजाम को लेकर पुलिस प्रशासन ने आनन-फानन में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती करवाने के आदेश और स्टॉपर लगाने का आदेश भी दे दिया। जिसके चलते चक्काजाम जैसी स्थिति नहीं बनी। इस गंभीर समस्या को देखते स्थानीय विधायक एवं जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजयराज सिंह द्वारा सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं सहित पीडब्ल्यूडी ऑफिस का घेराव कर किया। प्रदर्शन पर बैठे कांग्रेसी लगातार इस मुख्य सड़क पर ब्रेकर निर्माण की मांग पर अड़े रहे।

#### ईई ने दिया आश्वासन

आंदोलन के चलते जिला मुख्यालय से ईई को प्रदर्शनकारियों के बीच आनन-फानन में आना पड़ा और उन्होंने जल्द ही इस सड़क पर ब्रेकर निर्माण करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शनकारी लगातार एसडीओ के मुख्यालय में नहीं रहने का भी गंभीर आरोप लगाते रहे, जिस पर ईई ने एसडीओ को मुख्यालय में रहने की हिदायत देते हुए आने वाले समय में ऐसी शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया है।

## होम्योपैथिक चिकित्सा पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के एक निजी होटल में रायपुर होम्योपैथिक स्टडी सर्किल होम्योपैथिक संगठन के तत्वावधान में 15 जून को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों से 90 चिकित्सकों ने हिस्सा लिया।

इस संगोष्ठी के माध्यम से विभिन्न बीमारियों जैसे की माइक्रो एडिनोमा, थैलेसीमिया, हर्पिस जोस्टर, एलोपेसिया, डिप्रेशन सहित अन्य बीमारियों के मामलों पर ग्रुप डिस्कशन किया गया। इन केसेस पर आईसीआई मेथाडोलॉजी से कैसे वैज्ञानिकतापूर्वक सही होम्योपैथिक दवा और प्लानिंग प्रोग्रेसिंग कर मरीज को बेहतर परिणाम देने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस संगोष्ठी में निष्कर्ष स्वरूप यह पाया गया कि किसी भी बीमारी में सही रिजल्ट होम्योपैथिक द्वारा आने के उस केस के डाटा का रिकॉर्ड एवं लक्षणों का वैज्ञानिक एनालिसिस आवश्यक होता है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ होम्योपैथिक क्लीनिक रिसर्च संगठन, रायपुर होम्योपैथिक स्टडी सर्किल के माध्यम से आयोजित किया गया था। इस आयोजन में डॉ. संजय मनवानी, डॉ. संजय चंद्राकर, डॉ. धनंजय साहू, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. उत्तम चावड़ा, डॉ. प्राची साहू, डॉ. मिहिर साहू, डॉ. मीनाक्षी कश्यप, डॉ. विशाल गंगवानी ने अपनी सेवाएं दी। कार्यक्रम में डॉ. बालचंद पारख की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन सिटी होम्योपैथिक स्टोर के संचालक एजाज अहमद के सहयोग से सफल रहा।

## मधुकर बने नांदगांव ढीमर समाज के जिलाध्यक्ष

**राजनांदगांव**। छत्तीसगढ़ ढीमर समाज राजनांदगांव परगना का वार्षिक अधिवेशन एवं पदाधिकारी चुनाव 14 जून अजमीड सोनी भवन राजनांदगांव में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश धीवर छत्तीसगढ़ ढीमर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि महापौर मधुसूदन यादव समेत अलग-अलग परगना से आए पदाधिकारी एवं ढीमर समाज के वरिष्ठजन, महिला-पुरुष और युवा साथी उपस्थित रहे।

अध्यक्ष एवं सभी परगना से आए पदाधिकारी समाज के लोगों के बीच से लगभग 70 मतदाता ने मतदान किया। चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई, जिसे पूरी पारदर्शिता के साथ पूरा किया गया। सामाजिक चुनाव 3 पदों के लिए था। जिला अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सचिव जिसमें सोरीटोला के मधुकर धरमगुडे जिला अध्यक्ष चुने गए। कोषाध्यक्ष उदयराम ढीमर डोंगरगढ़ और लालबहदुर नगर के दुलारू ढीमर सचिव पद के लिए मनोनीत हुए। सभी चुने गए पदाधकारियों को प्रदेश अध्यक्ष सुरेश धीवर, संरक्षक परमेश्वर फुटान, महासचिव रामलाल पेंदरिया, कोषाध्यक्ष पवन कुमार धीवर एवं राजनांदगांव ढीमर समाज के संरक्षक लतखोर कोसरिया व पूर्व सचिव विनोद धीवर द्वारा सभी को प्रमाण पत्र देकर पदभार प्रदान किया। उक्त जानकारी समाज के कार्यकर्ता सतीश धीवर ने दी।



## जिला झेरिया धोबी समाज की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव**। जिला झेरिया धोबी समाज राजनांदगांव की बैठक चिखली वार्ड नंबर 5 दीनदयाल नगर स्थित जिला सामाजिक भवन में रविवार को संपन्न हुआ है। बैठक में समाज में एकजुटता एवं वार्षिक सम्मेलन आयोजन पर चर्चा की गई।



समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर ने कहा सामाजिक रूपरेखा बनाकर छोटी-बड़ी समस्याओं का मिलकर समाधान करें। जिससे समाज मजबूत बनेगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय बैठक में प्रतिवर्ष 23 फरवरी को संत शिरोमणि गाडगे जी महाराज की जयंती जिला स्तरीय मनाने को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है।

बैठक पश्चात अहमदाबाद में हुए भीषण प्लेन हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर ने श्रद्धांजलि देते कहा कि ऐसे समय में समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर दुख की इस घड़ी में संवेदनाएं प्रकट करनी चाहिए। साथ ही सरकार से मांग की कि इस तरह की घटनाओं की गहराई से जांच और भविष्य में ऐसे हादसे न हों, इसके लिए ठोस कदम उठया जाए। इस दौरान डॉ. लेखराम निर्मलकर, कैलाश सोनवानी, हेमसिंह निर्मलकर, योगेश निर्मलकर, रोहितराम निर्मलकर, रोहित निर्मलकर, मुकेश निर्मलकर, लोकेश रजक, गोपी रजक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी है।




## असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान बदमाशों के गतिविधि की ली गई जानकारी, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश एवं संदेही को थाना लाकर अपराध से दूर रहने की नसीहत दी गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने व सुरक्षा, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदेही पर विशेष अभियान चलाकर चेक कर उनकी दैनिक गतिविधि की जानकारी लेकर उनको समझाईस देने हेतु कहा गया था।

#### अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चला मुहिम



**दी गई समझाईश** : जिस पर 16 जून को थाना बसंतपुर, लालबाग, छुरिया, चिखली, तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा कुल 30 से अधिक आपराधिक तत्वों को थाना हाजिर व तलब कर उनको समझाईश दी गई कि वे अपराधों से दूर रहकर शांतिपूर्वक अपने परिवार के साथ जीवनयापन करें, नहीं तो पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा जब भी उन्हें उपस्थित होने कहा जाता है तो वे तत्काल उपस्थित होवें तथा क्षेत्र में सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने हेतु समझाईस दी गई।

## खबर संक्षेप

### इंदौरी स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव पुस्तक वितरित मनाया गया

**हरिभूमि इंदौरी।** नगर पंचायत इंदौरी के शिवाजी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया, शिवाजी शिशु निकेतन, पूर्व माध्यमिक विद्यालय इंदौरी में हर्षोल्लास के नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिवसी प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शाला प्रवेशोत्सव में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गंगा सागर टंडन, सचिव पूनाराम सिंहा, प्रधान अध्यापक बलराम साहू, राकेश साहू, विनोद साहू, रवि व गणमान्य नागरिक तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें साथ ही साथ शाला प्रवेशी बच्चों को पुस्तक वितरित की गई।

# नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने किया योगा, कहा स्वस्थ्य समाज के निर्माण में सशक्त कदम

- योगा दिवस के पूर्व योगाभ्यास शिविर का आयोजन, योग प्रशिक्षक लेखूराम चंद्रवंशी योगाभ्यास कराया जा रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर पूर्व योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य नागरिकों को योग के महत्व से अवगत कराना और उन्हें नियमित योगाभ्यास हेतु प्रेरित करना है। नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि योगाभ्यास शिविर 17 से 20 जून तक पीजी कॉलेज कवर्धा के पीछे स्थित डोम में आयोजित किया जा रहा है। शिविर प्रातःकालीन सुबह 6 से 8 बजे तक किया जा रहा है, जिसमें अनुभवी योग प्रशिक्षक लेखूराम चंद्रवंशी द्वारा योगाभ्यास कराया जा रहा है। योग प्रशिक्षक श्री चंद्रवंशी ने मंगलवार को स्वयं योगाभ्यास करते हुए नगरवासियों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में इस निःशुल्क शिविर में सपरिवार हिस्सा लें।

### योग से जीवन में शांति व ऊर्जा का संचारः नपाध्यक्ष



नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि हमारे जीवन की एक संपूर्ण जीवनशैली है। यह तन-मन और आत्मा को संतुलन में लाकर जीवन में शांति, शक्ति और ऊर्जा का संचार करता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हम सभी के लिए एक ऐसा अवसर है, जब हम स्वयं को स्वस्थ जीवन की दिशा में अग्रसर कर सकते हैं। उन्होनें शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस योगाभ्यास शिविर में भाग लेकर स्वस्थ, तनाव मुक्त और सक्रिय जीवन शैली की ओर कदम बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि योग एक ऐसा माध्यम है जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि मानसिक शांति और ऊर्जा से भरपूर जीवन की दिशा में भी मार्ग प्रशस्त करता है। इस शिविर के माध्यम से हम न केवल व्यक्तिगत रूप से लाभान्वित होंगे, बल्कि एक स्वस्थ, सामूहिक समाज के निर्माण की दिशा में भी एक सशक्त कदम उठाएंगे।

## पहल: कलेक्टर ने कहा मानव और पर्यावरण सुरक्षा की नींव बनेगा यह अभियान

# मोर गांव-मोर पानी महाअभियान जल संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में जल संरक्षण को लेकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है। गिरते भू-जल स्तर की गंभीर समस्या से निपटने और समुदाय को जल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए मोर-गांव मोर पानी महाअभियान का आयोजन 20 जून को प्रातः 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। इस 6 घंटे के विशेष अभियान में जिले के चारों विकासखण्ड कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला एवं सहसपुर लोहारा के समस्त ग्रामों में सामूहिक भागीदारी से एक लाख से अधिक सोख पीटों का निर्माण एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई जाएगी।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समय-सीमा की बैठक में मोर गांव-मोर पानी महाभियान के कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए अधिकरियो को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए और इस पुनीत कार्य मे सहभागिता निभाने के लिए सभी से आग्रह किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि यह अभियान मानव और पर्यावरण सुरक्षा की नींव बनेगा। उन्होने कहा कि मोर गांव-मोर पानी महाअभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की एक ठोस नींव रखेगा। उन्होंने 20 जून को आयोजित होने वाले इस अभियान को जल क्रांति का जनआंदोलन बताते हुए कहा कि यह जिले की मिट्टी, पानी और जीवन के संरक्षण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में जिला, जनपद एवं ग्राम स्तरीय अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर अभियान की विस्तृत कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी, कृषि, सहकारिता, वन, मत्स्य पालन तथा मितानिन, रोजगार सहायक, जनप्रतिनिधियों, सेवानिवृत्त शिक्षक-कर्मचारियों और सामाजिक संगठनों से अभियान में पूर्ण भागीदारी का आह्वान किया।

### अभियान का उद्देश्य और पृष्ठभूमि



कलेक्टर ने बताया कि जिले के दो विकासखण्ड कवर्धा और पंडरिया सेमी क्रिटिकल जोन तथा बोड़ला व सहसपुर लोहारा सेमी क्रिटिकल जोन के रूप में ग्राउंड वॉटर बोर्ड द्वारा चिन्हाकित किए गए हैं। इन क्षेत्रों में भू-जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। इसे रोकने के लिए जिला प्रशासन ने यह जनभागीदारी आधारित जल संरक्षण महाअभियान प्रारंभ किया है। अभियान के अंतर्गत घर का पानी घर में और गांव का पानी गांव में ही रोकने का संकल्प लेकर सभी घरों में 3Û3 फीट आकार के सोख पीटों का निर्माण किया जाएगा। अनुमानित रूप से 1 लाख सोख पीटों से प्रति वर्ष 20 से 30 हजार लाख लीटर जल का भूगर्भ में पुनर्भरण संभव होगा।

### अभियान की प्रमुख गतिविधियां सोख पीट निर्माण व शपथ

श्रमदान द्वारा सोख पीट निर्माण किया जाएगा। सभी परिवार अपने आंगनबाड़ी, कोठार या अन्य खुले स्थानों पर स्वेच्छा से श्रमदान कर एक-एक सोख पीट बनाएंगे। जल संरक्षण शपथ जल सुरक्षा के लिए सामूहिक रूप से एक ही समय पर घर-घर जल बचाने की शपथ दिलाई जाएगी। जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी ने कहा कि जल संरक्षण केवल एक विभागीय कार्य नहीं, यह जन-संकल्प है। मोर गांव-मोर पानी महाअभियान ग्रामीण चेतना को मजबूत करेगा। हर व्यक्ति की भागीदारी इस अभियान को ऐतिहासिक सफलता में बदलेगी। यह अभियान ग्राम स्वराज की भावना को नई दिशा देगा। सोख पीट निर्माण से न केवल जल-स्तर बढ़ेगा, बल्कि सामाजिक सहभागिता भी सशक्त होगी।

# आरपीएस स्कूल के छात्र धनराज ने पहले प्रयास में ही नीट पास कर रचा इतिहास

- विद्यालय परिवार में खुशी की लहर, प्राचार्या और प्रबंधन ने दी शुभकामनाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा के कक्षा 12वीं के होनहार छात्र धनराज डहरिया ने अपने पहले ही प्रयास में नीट राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक के साथ सफलता प्राप्त कर विद्यालय और जिले व क्षेत्र का नाम रौशन कर गौरवावित किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार में उत्साह और गर्व का माहौल है। विद्यालय की प्राचार्या एम शारदा ने छात्र धनराज को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि धनराज डहरिया की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी और उन्हें भी बड़े लक्ष्य तय करने की प्रेरणा देगी। विद्यालय प्रबंधन से जुड़े आदित्य चंद्रवंशी ने भी इस गौरवशाली क्षण पर खुशी जाहिर करते हुए छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भी छात्र को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है।

धनराज डहरिया की इस सफलता ने साबित कर दिया है कि यदि लगन और मेहनत सच्चे दिल से की जाए तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता। विद्यालय परिवार ने एक स्वर में कहा कि धनराज डहरिया का यह कीर्तिमान आने वाली पीढ़ियों को भी मार्गदर्शन देगें। छात्र धनराज डहरिया के इस उपलब्धि पर परिजनों व ईष्टमित्रों में भारी खुशी व उत्साह का माहौल बना हुआ है, उनके इस सफलता पर छात्र धनराज डहरिया को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## क्षेत्र में परंपरानुसार आषाढ़ माह त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम के कोलेगांव, धनेली, भगतपुर, कंझेटा, मोहतरा कला सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में पुरानी परंपरानुसार रीति-रिवाज के साथ आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में बुजुर्ग द्वारा प्रथा चली आ रही है, वहीं गांव में आषाढ़ लगते ही गांव के गौठानों में विधि-विधान से पूजा अर्चना करते हुए गांव के मवेशियों एवं गांव के सुख-शांति, समृद्धि के लिए गांव के सभी देवी-देवता को मानते हुए पूजा-अर्चना किया। यह प्रथा वर्षो से चली आ रही है और यह त्यौहार आषाढ़ के माह शनिवार या मंगलवार को ही मनाया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार जब तक गांव में त्यौहार नही बन जाता तब तक खेती-बाड़ी-किसानी कार्य के साथ-साथ अन्य मांगलिक कार्य नहीं किया जाता है। यह त्यौहार खासकर गांव में मवेशियों के लिए मनाया जाता है ताकि मवेशियों पर किसी प्रकार की समस्या व बीमारी खतरा से बचाया जा सकें।

## इन्फलुएंजा बीमारी की रोकथाम व बचाव करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राज्य में सर्दी, खांसी, जुकाम व बुखार जैसे लक्षण वाले मरीज की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस (इली) और सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इलनेस (सारी) के प्रभावी सर्वेक्षण व प्रबंधन के निर्देश जारी किए हैं। सभी शासकीय व निजी अस्पताल को आईएचआईपी पोर्टल पर इन प्रकरण की एंट्री करने कहा गया है। वहीं मितानिनों के माध्यम से समुदाय स्तर पर ऐसे लक्षण की रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। ऐसे मामलों की रिपोर्टिंग करते हुए राज्य सर्विलांस इकाई को प्रतिदिन रिपोर्ट भेजने कहा गया है। इस संबंध में लोगों को जागरूक करने कहा साथ ही साथ बचाव के उपाय भी बताएं।

# नवप्रवेशी छात्राओं का गुलदस्ता भेंट कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला व शासकीय हाई स्कूल नेवारी में हर्षोल्लास के साथ नए शिक्षा सत्र में नव प्रवेशी विद्यार्थियों को गुलाल लगाकर तथा गुलदस्ता से भेंटकर स्वागत कर शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। नए शिक्षा सत्र व नव-प्रवेशी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष कवर्धा ग्रामीण मंडल वीरसिंह पटेल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि मिथिलेश बंजारे, शक्ति केंद्र संयोजक जागेश्वर पटेल, आत्मादास मानिकपुरी व प्रधान पाठक कमलेश पाठक, शिक्षिका मनोरमा पाण्डेय, अनिता द्विवेदी, प्रहलाद सिंह ठाकुर, पवन सिंह राजपूत, सेवाराम पात्रे उपस्थित थें। इस नव प्रवेशी शाला प्रवेशोत्सव पर अध्यक्ष वीरसिंह पटेल ने बच्चे को मुंह मीठा कराकर तिलक तथा गुलदस्ता भेंटकर खूब मन लगाकर पढ़ाई-लिखाई और व बढ़ते रहना तथा प्रतिदिन स्कूल आने और बच्चों को आदर्श नागरिक बनने के लिए आर्शीवाद दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक तथा शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# भाजपा मंडल कुई-कुकदुर में संकल्प से सिद्धि विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदूर

सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर एवं जिला अध्यक्ष के दिशा-निर्देश पर भाजपा मंडल कुई-कुकदुर में संकल्प से सिद्धि, विकसित भारत 2047 संकल्प सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मुकेश ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष कुण्डा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश विश्व गुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, आज भारत आर्थिक रूप से विश्व में चौथे पायदान पर है, भारत अब उधार लेने वाला देश नहीं बल्कि साल्यूशन देने वाला राष्ट्र बन चूका है। आज मंडल से सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता गण को विकसित भारत 2047 संकल्प दिलाया गया। साथ ही साथ 12 जून को अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले यात्री, डॉक्टर को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया तत्पश्चात एक पेंड़ मां के नाम अभियान के तहत मां चंडी मंदिर परिषर में पौधरोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में मंडल के प्रभारी कल्याण मुकेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष बसंत वाटिया, रतिराम भट्ट पूर्व मंडल अध्यक्ष, महामंत्री दशरथ कुम्भकार, दीपक सलूजा, वरिष्ठ संजय जैन, बहादुर सोनी, दूजराम यादव, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष विजय मरकाम, मोहित मरावी, मंडल उपाध्यक्ष भगऊराम धुर्वे, द्वारिका विश्वकर्मा, बिंदा पनागर, पार्वती सुनहले, मधुर सिंह, राजू सिंह धुर्वे, धनीराम, विष्णु धुर्वे, युवा मोर्चा यशवंत श्रीवास, रामशरण साहू, रामनाथ कारयत, नरेश प्रजापति, भरत कुम्भकार, कृष्णा कुमार मरावी, रामदुलारी साहू, सोनसाय धुर्वे, रामदयाल श्याम, विश्वनाथ रामप्रसाद माठाले, महेश यादव, आशाराम शिव सहित कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## एंबीशन पब्लिक स्कूल में समिति शिक्षक-शिक्षिकाएं और बच्चों ने प्रस्तुत किया शानदार उदाहरण

# नए शिक्षा सत्र का श्री गणेश व सरस्वती की वंदना के साथ स्कूल शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

सीबीएसई स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद पढ़ाई 16 जून से नए शिक्षा सत्र शुरू हो गई। वहीं एंबीशन पब्लिक स्कूल में पढ़ाई-लिखाई शुरू करने से पहले बच्चों ने श्री गणेश व मां सरस्वती वंदना की। इस अवसर पर स्कूल के संचालक देवेंद्र गुप्ता ने बच्चों को कठिन परिश्रम के साथ सुयोग्य नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। पूरे 50 दिन की छुट्टी के बाद बच्चे पूर्ण गणवेश में बड़े उत्साह के साथ समय से स्कूल पहुंचें। उनको स्कूल आने के लिए समिति, प्राचार्य और शिक्षकों के द्वारा प्रेरित किया जा रह था। नए गणवेश पहनकर नई पुस्तकों के साथ नई कक्षाओं में प्रवेश करते समय छात्र-छात्राओ में उत्साह व खुशी का माहौल बना हुआ है। जिस पर संचालक देवेंद्र गुप्ता व प्राचार्य आरएन बेहरा ने शिक्षकों व छात्र-छात्राओं के साथ श्री गणेश के साथ मां सरस्वती वंदना तथा भव्य आरती की, इसमें सभी ने भाग लिया। गर्मी की छुट्टियों के बाद पहले दिन मिले बच्चों ने आपस में ग्रीष्मकालीन अवकाश को लेकर अपने अनुभवों को शेयर किया। वहीं शिक्षकों पहली क्लास में बच्चों के (असाइनमेंट) कार्य भार लिए।

### शिक्षक-छात्र साथ मिलकर करेंगे भोजन

शिक्षक संस्कार श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष स्कूल में प्रार्थना सभा से लेकर खेल की गतिविधियों तक नए पैटर्न को अपनाया जाएगा। शिक्षक छात्र-छात्राओं के साथ भोजन मंत्र करेंगे। सभी छात्रों को भोजन लाना अनिवार्य किया जाएगा, शिक्षक और छात्र एक साथ भोजन करेंगे। इससे सम्भाव विकसित होगा। इसको लेकर अभिभावकों और छात्र-छात्राओं में जिज्ञासा बनी हुई है। संगीत विद्या में विशेष उपलब्धि रखने वाले शिक्षक नंद चंद्राकर बच्चों को हारमोनियम तबला और अन्य वाद्य यंत्रों को बजाने का भी विशेष प्रशिक्षण दे रहे हैं।

# हाई स्कूल कोलेगांव में मिठाई व पाठ्य पुस्तक वितरित कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस सोमवार को शाला प्रवेशोत्सव में शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष डॉ संतोष साहू व पालक तथा छात्र छात्राओ की उपस्थिति में मां सरस्वती की छायाचित्र में विधि विधान से पूजा-अर्चना कर नव प्रवेशी विद्यार्थियों जिसमें कक्षा 9वीं के छात्र छात्राओं का तिलक व मीठा कराकर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदान की गई।

इस दौरान विद्यालय के व्याख्याता लक्ष्मीकांत कश्यप द्वारा आवश्यक दस्तावेज एवं भर्ती प्रक्रिया को सरलता से विद्यार्थी को अवगत कराया, तत्पश्चात प्राचार्य संतोष डहरिया ने शासन के विभिन्न योजना व विद्यालय में दीं जानीं वाली सुविधा पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थी को बधाई दिए और उसके उज्जवल भविष्य का कामना की गई। इस दौरान शाला के शिक्षक शिक्षिकाएं, पालक गण व गणमान्य नागरिक तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### कोलेगांव में विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित

**कुण्डा।** भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेशानुसार तथा प्रदेश भाजपा के आव्हान पर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद चंद्रवंशी के निर्देशानुसार मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में भाजपा मण्डल कुण्डा के शक्ति केन्द्र कोलेगांव में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोलेगांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गौरव पूर्ण 11 साल का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संकल्प से सिद्धि तक भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण कार्य के उपलक्ष्य पर कुण्डा मण्डल द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा का कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सार्वजनिक स्थल यज्ञ परिसर में पौधारोपण किया। सभा को सोसायटी अध्यक्ष रामाधार शर्मा, संयोजक संतोष चंद्रवंशी, महामंत्री मनहरण साहू, महामंत्री सुमन गुप्ता ने संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल की सुशासन एवं उपलब्धियों एवं छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की उपाधियों को गिनाया। कार्यक्रम में नरेश साहू, संतोष साहू, श्रवण साहू, परमेश्वर साहू, मुकेश यदु, देवेन्द्र चंद्रवंशी, भाजपा मण्डल कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कलेक्टर में नलकूप खनन प्रतिबंध किया समाप्त

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गोपाल वर्मा ने जिले में मानसून की शुरुआत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्यों के प्रारंभ होने की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए एवं भू-जल स्तर में आंशिक सुधार के मद्देनजर, पूर्व में पेयजल परिरक्षण अधिनियम अंतर्गत लगाए गए नलकूप खनन प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील रहेगा एवं जिले में भू-जल उपयोग के संबंध में लागू अन्य विधिक प्रावधान यथावत रहेंगे। उल्लेखनीय है कि पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक-3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गोपाल वर्मा द्वारा जिले को 10 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 अथवा मानसून के आगमन तक (दोनों में से जो बाद में हो) की अवधि के लिए जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया था, जिससे जिले में भू-जल स्त्रोतों के अत्यधिक दोहन को रोकने के लिए नलकूप खनन पर अस्थायी प्रतिबंध प्रभावशील था।

### नगर सैनिकों की लिखित भर्ती परीक्षा 22 जून को

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर द्वारा नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ, मुख्यालय छत्तीसगढ़ के अंतर्गत महिला एवं पुरुष नगर सैनिकों की लिखित भर्ती परीक्षा 22 जून 2025 रविवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र 16 जून 2025 से व्यापम की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त एसएमएस में दिए गए यूआरएल लिंक के माध्यम से भी सीधे प्रवेश पत्र डाउनलोड कर उसका प्रिंट ले सकते हैं। परीक्षा दिवस को प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम एक घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में अनिवार्यतः उपस्थित होना आवश्यक होगा, जिससे उनके मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के आधार पर पहचान सुनिश्चित की जा सके। प्रवेश पत्र में अंकित समय के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र केवल ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे, डाक द्वारा प्रेषण नहीं किया जाएगा। सभी अभ्यर्थी प्रवेश पत्र का स्पष्ट प्रिंट आउट साथ लाएं। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के लिए फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय, महाविद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र अथवा फोटोयुक्त मूल अंकसूची में से कोई एक दस्तावेज अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा।

### 21 जून को मनाया जाएगा विश्व योग दिवस

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन योग संगम एवं हरित योग की थीम पर जिला स्तरीय कार्यक्रम पीजी कॉलेज डोम कवर्धा में प्रातः 07 बजे से 08 बजे तक प्रस्तावित है। इसके साथ ही जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में प्रातः 07 बजे से किया जाएगा। यह आयोजन जिले के ऐतिहासिक, धार्मिक, सार्वजनिक, पर्यटन स्थलों, अमृत सरोवर, पार्क जैसे प्रमुख स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास के रूप में किया जाएगा। कार्यक्रम में सामान्य योग प्रोटोकॉल का प्रदर्शन प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में कराया जाएगा, जिससे सभी आयु वर्ग के नागरिक लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, उभयलिंगी, बौने व्यक्ति, वंचित एवं विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति समूह के लोगों सहित महिला एवं पुरुषों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, नगर के सार्वजनिक उपक्रम, निजी उद्योग, शासकीय व निजी विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, बालाश्रम, वृद्धाश्रम, एनसीसी, एनएसएस, भारत स्काउट एवं गाइड से जुड़े विद्यार्थियों एवं कर्मियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि 21 जून को प्रातः 7 बजे सामूहिक योग कार्यक्रम में सहभागिता कर स्वस्थ, तनावमुक्त एवं सकारात्मक जीवन की दिशा में एक कदम बढ़ाएं।

**तकरार:** ग्राम सिंघनगढ़ के ग्रामीणों ने लगाया दबंगई का आरोप

# चिकित्सक का स्थानांतरण रूकवाने ग्रामीणों की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विकासखण्ड स.लोहारा अंतर्गत ग्राम सिघनगढ़ के सरपंच व ग्रामीणों और गांव के कुछ तथा कथित भाजपा नेताओं के बीच तकरार लगातार बढ़ते ही जा रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि हाल ही में इन तथा कथित भाजपा नेताओं ने ग्राम पंचायत के सरपंच तथा ग्रामीणों पर उनका हुक्का पानी बंद किए जाने की शिकायत पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर की थी। लेकिन बीते सोमवार को बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे ग्राम सिघनगढ़ के ग्राम ग्रामीण कुछ और ही शिकायत बयां कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक के नाम सौपे ज्ञापन में आरोप लगाया है कि गांव के कुछ तथा कथित भाजपा नेता ग्राम सिंघनगढ़ के आयुर्वेदिक औषधालय में पदस्थ चिकित्सक डॉ. विद्यासिंत ध्रुव पर अनरगल, बेबुनियाद आरोप लगाते हुए तथा उनके खिलाफ शासन-प्रशासन से झूठी शिकायत कर उनका स्थानांतरण कराना चाहते हैं और उनके स्थान पर अपने चहेते चिकित्सक को बैठाना चाहते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इन तथा कथित भाजपा नेताओं ने चिकित्सक डॉ. विद्यासिंत ध्रुव के खिलाफ जो शिकायती आवेदन प्रशासन को सौंपा है व समस्त ग्रामवासियों के हवाले से सौंपा है जबकि ग्रामीण से इस विषय पर न तो कोई चर्चा की गई और न ही सहमति ली गई है। सिर्फ सात लोगों ने यह फैसला लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंप दिया। जिसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों ने ग्राम सरपंच के समक्ष अपनी शिकायत रखी और शिकायत सही पाए जाने पर चर्चा के लिए बैठक का आयोजन कर चिकित्सक डॉ. विद्यासिंत ध्रुव के विरूद्ध झूठी शिकायत करने वालों को भी आमंत्रित किया गया लेकिन उन्होने बैठक में अपनी उपस्थित दर्ज नहीं कराई और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर पंचायत पदाधिकारियों तथा ग्रामीणों पर ही झूठे आरोप लगा दिए। अब ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक तथा प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर चिकित्सक का स्थानांतरण रोके जाने की तथा मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

#### पंडरिया विधायक से लगाई गुहार




अपने विधानसभा क्षेत्र सिंघनगढ़ से बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला, पुरूषों, युवाओं और बुजुर्गो के जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचेने की जानकारी मिलने के बाद पंडरिया विधायक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्या को सुना। विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। मामले की पूरी जांच करने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।



## शहरवासियों को जल्द समर्पित होगा सर्वसुविधायुक्त फ़ूड पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर पालिका कार्यालय के सामने बन रहे सर्वसुविधायुक्त फूड पार्क की स्लैब ढलाई तथा अन्य निर्माणाधीन विकास कार्यों का नपा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने मंगलवार को स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि यह सभी कार्य आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते किए जा रहे हैं। सर्व सुविधाययुक्त फूड पार्क अब जल्द ही शहरवासियों को समर्पित किया जायेगा। उन्होंने उपस्थित उपअभियंता से निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता, कार्य की गति एवं पारदर्शिता के संबंध चर्चा की। फूड पार्क नगरवासियों के लिए एक मनोरंजन, विश्राम और सामाजिक मेल जोल का अत्याधुनिक केंद्र बनने जा रही है। यह फूड पार्क न केवल नगर की सुंदरता में वृद्धि करेगी, बल्कि आमजन के लिए एक सुरक्षित, स्वच्छ और आधुनिक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित की जा रही है।

## बारिश होते ही कीचड़ से पट जाती है गांव की गलियां, सीसीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत घोरपेंड्री, अमलीमालगी, बसनी, कोलेगांव सहित ऐसे दर्जनो ग्राम जहां आज तलक सीसी रोड नहीं बन पाई है। जिससे कारण इन गांवों की गलियां बारिश होते ही कीचड़ से लतपथ हो जाती है। जिसके कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्राम घोरपेण्ड्री के ग्रामीणों ने बताया कि वे बीते कई वर्षो से गांव के सतनामी पारा से लेकर दिलवा पारा तक सीसी रोड की मांग कर रहे हैं। उन्होने बताया कि गांव का यह मुख्य मार्ग आज भी कच्चा और बारिश के दौरान यह मार्ग कीचड़ से पट जाता है जिसके कारण ग्रामीणों के साथ स्कूली बच्चों, आगनबाड़ी के बच्चों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस वर्ष भी उन्होने गांव के मुख्य मार्ग का सीसीकरण करने के लिए कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित ग्राम पंचायत के समक्ष अर्जी विनती की है लेकिन वर्षाकाल सिर पर पर अभी तक गांव के इस मुख्य मार्ग का सीसीकरण नहीं किया गया है। यही हाल ग्राम कोलेगांव, बसनी तथा अमलीमालगी सहित का भी है। यहां भी गांव के कई मार्ग कच्चे है और उनके सीसीकरण की मांग वर्षो से की जा रही है। लेकिन विकास का राग अलापने वाले सत्ता रूढ दल के क्षेत्रीय सांसाद से लेकर विधायक, जिला पंचायत और जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने गांवों में सुलभ आवागमन के लिए सीसी रोड निर्माण की मांग की है।

## ग्राम पोंड़ी में नदी में डूबने से आठ वर्षीय बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोड़ी



ग्राम पोंड़ी से बीते सोमवार की शाम एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। जिससे एक आठ वर्षीय बच्चे की स्थानीय नदी में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि बच्चा खेलने के दौरान नदी के गहरे पानी में चला गया और पानी में डूबने के कारण उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पोंड़ी पुलिस ने मृतक बच्चे का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पोंड़ी निवासी अरूण कुमार विश्वकर्मा पिता अनिल विश्वकर्मा आयु 8 वर्ष गत सोमवार की शाम पास की नदी में गया था। बताया जाता है कि संभवतः वह मछली पकड़ने की मंशा से नदी के पानी में उतरा था और गहरे पानी में चला गया और डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनो को घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होने इसकी सूचना पोड़ी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक बच्चे का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है।

### 30 जून तक अनिवार्य है राशनकार्ड सदस्यों का आधार प्रमाणीकरण

**कवर्धा।** भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के निर्देशानुसार एक राष्ट्र, एक राशनकार्ड योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े सभी राशनकार्डधारकों के परिवारजनों का आधार आधारित प्रमाणीकरण (ई-केवायसी) अनिवार्य किया गया है। सभी हितग्राहियों को 30 जून 2025 तक यह प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उन्हें निरंतर खाद्यान्न वितरण का लाभ मिलता रहे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि कबीरधाम जिले के सभी पात्र हितग्राहियों का आधार प्रमाणीकरण समय-सीमा के भीतर पूर्ण हो, ताकि कोई भी परिवार खाद्यान्न सुविधा से वंचित न हो। उन्होंने ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों एवं उचित मूल्य दुकान संचालकों को निर्देशित किया है कि वे हितग्राहियों को जागरूक कर शीघ्रता से यह कार्य पूर्ण कराएं। कलेक्टर श्री वर्मा ने समस्त हितग्राहियों से अपील करते हुए कहा कि वे 30 जून 2025 की समय-सीमा से पूर्व अपने परिवार के उन सभी सदस्यों का आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से पूर्ण कराएं जिनका अब तक यह कार्य नहीं हुआ है, ताकि उन्हें राशन वितरण में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यदि आप चाहें, तो इस समाचार पर आधारित जनहित संदेश, रेडियो उद्घोषणा, या सोशल मीडिया पोस्ट भी तैयार की जा सकती है। जिला खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को इस प्रक्रिया से छूट प्रदान की गई है। ई-केवायसी की सुविधा जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित मशीनों में उपलब्ध है। साथ ही मेरा प्रमाणीकरण नामक सरकारी मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से भी यह प्रक्रिया घर बैठे पूरी की जा सकती है। इसमें लाभार्थी को राज्य का चयन कर, आधार क्रमांक भरकर, ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कर, चेहरे की पहचान से प्रक्रिया पूर्ण करनी होती है।

## 110 बसों की जांच, 3 वाहन पाए गए अनफिट

### बच्चों की सुरक्षा के लिए जिले में स्कूली वाहनों की सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



स्कूली बच्चों के परिवहन में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने हेतु जिला कबीरधाम में स्कूली वाहनों की व्यापक जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान छत्तीसगढ़ मोटर यान नियम 1994 के नियम 76 (ख) के तहत परमिट शर्तों, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों तथा सुरक्षा मापदंडों के अनुरूप संचालित किया गया। यह संयुक्त जांच शिविर कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में 14 जून एवं 17 जून को पीजी कॉलेज मैदान, कवर्धा में आयोजित किया गया, जिसमें परिवहन विभाग, यातायात पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने सहभागिता दी। इस दौरान स्कूली वाहनों की तकनीकी और दस्तावेजीय जांच की गई तथा वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि बच्चों के जीवन की जिम्मेदारी उठा रहे चालक पूरी तरह सक्षम एवं सजग हों। जिला परिवहन अधिकारी श्री मोहन साहू ने बताया कि अब तक कुल 110 स्कूल बसों की जांच की जा चुकी है। जांच के दौरान कुछ वाहनों में दस्तावेजों की कमी, फिटनेस में गड़बड़ी एवं अन्य तकनीकी खामियां पाई गईं, जिन्हें वाहन स्वामियों को अवगत कराते हुए शीघ्र सुधार कर दोबारा जांच के निर्देश दिए गए हैं। वहीं 03 वाहन पूरी तरह से अनफिट पाए गए, जिनका संचालन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। जो स्कूल वाहन इस संयुक्त जांच में अनुपस्थित रहे हैं, उन्हें 20 जून 2025 को पुनः निर्धारित तिथि पर जांच हेतु उपस्थित होने के लिए कहा गया है। श्री साहू ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर अनिवार्य जांच नहीं कराई गई, तो संबंधित वाहन मालिकों एवं संस्थानों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग द्वारा सभी शैक्षणिक संस्थानों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने वाहनों को सभी सुरक्षा मानकों के अनुरूप संचालित करें एवं बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। यह सुनिश्चित भी किया जा रहा है कि जिले में किसी भी स्कूली वाहन का संचालन बिना पूर्ण जांच और अनुमोदन के न किया जाए।

**नए शिक्षा सत्र में शैक्षिणक सामग्रियों की कीमतों में मामूली उछाल, पालकों को राहत**

## नए शिक्षा सत्र के साथ ही सज गई शैक्षणिक सामग्रियों की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



शासन के आदेशानुसार 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो चुका है और नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने के साथ ही शैक्षणिक सामग्रियों के बाजार में रौनक दिखाई देने लगी है। उल्लेखनीय है कि नए शिक्षा सत्र को लेकर स्कूली विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर नया दाखिला लेकर स्कूल जाने वाले बच्चों में नई शैक्षणिक सामग्री को लेकर खासा उत्साह देखा जाता है। परन्तु साल दर साल बढ़ रहे शैक्षणिक सामग्रियों के दामों के चलते पालकों के लिए अपने बच्चों के इस उत्साह को कायम रख पाना बेहद मुस्किल हो जाता है। हालांकि कापी पुस्तक विक्रेताओं की माने तो इस साल पालकों के लिए राहत की बात है कि पुस्कत कापियों के दाम यथावत हैं और इनमें वृद्धि नहीं हुई है। नगर की स्टेशनी दुकानो में हर साल की तरह इस साल भी नए शिक्षा सत्र को ध्यान में रखते हुए तैयारियां की गई है और उपयोगी सामग्री सजाई गई है। स्थानीय शैक्षणिक सामग्री विक्रेताओं के मुताबिक बाजार में स्कूल बैग 250 रूपए से लेकर 1000 रूपए तक, पेंसिल बाक्स 30 रूपए से लेकर 50 रूपए तक, वाटर बैग 50 रूपए से लेकर 200 रूपए तक, टिफिन बाक्स 50 रूपए से लेकर 200 रूपए तक, कापी-पुस्तक के लिए कवर 50 रूपए से 100 रूपए तक उपलब्ध है। इसी प्रकार कापियों के दामों की बात की जाए तो बाजार में 100 पेज की छोटी कॉपी 20 से 25 रूपए, 200 पेज की 40 से 60 रूपए तथा 300 पेज की छोटी कॉपी 65 से 75 रूपए की बिक रही है। इसी प्रकार बड़ी कॉपी 100 पेज की 30 रूपए, 200 पेज की 65 रूपए तथा 300 पेज की 110 में अलग-अलग कम्पनी के हिसाब से उपलब्ध है। दुकानदारों ने बताया कि बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए स्कूल बैग टेडीवेयर की डिजाईन में बनाए गए हैं। कम्पास, वॉटर बैग तथा टिफिन बाक्स भी शेर, चीता, बंदर, भालू की डिजाईन में उपलब्ध कराए गए है। जो बच्चों को खूब पसंद आ रहे हैं।

## कबीरधाम के 275 ग्राम होंगे समृद्ध, 30 जून तक जागरूकता शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान से कबीरधाम जिले 275 आदिवासी ग्रामों और वहां रहने वाले ग्रामीणों की तकदीर तस्वीर बदलने वाली है। जिले के पंडरिया, बोड़ला, सहसपुर लोहारा और कवर्धा विकासखण्ड के आदिवासी बाहुल्य ग्रामो में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आगामी 15 जून से शुरू हो गया है और यह 30 जून तक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आदिमजाति विकास विभाग, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग, जनपद, सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की साझा बैठक लगातार इस अभियान के क्रियान्वय की समीक्षा कर रहे है और मॉनिटरिंग भी कर रहे है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह अभियान राज्य तथा केंद्र सरकार की प्राथमिकता में शामिल है,पूरी संवेदनशीलता के साथ चिन्हाकित ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन करें और शासकीय योजनाओं से वंचित परिवारों तथा ग्रामीणों को इस अभियान के माध्यम से लाभ दिलाए। कलेक्टर ने बताया कि आदिवासी क्षेत्रों के समग्र विकास और वहां निवासरत अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ 2 अक्टूबर 2024 को किया गया। यह अभियान पीएम-जनमन योजना की तर्ज पर तैयार किया गया है, जिसके अंतर्गत 17 मंत्रालयों द्वारा संचालित 25 गतिविधियों को समन्वित रूप से आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में लागू किया जा रहा है। इसी कड़ी में कबीरधाम जिले के 275 आदिवासी बाहुल ग्रामों में 30 जून 2025 तक व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जहां विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही प्रदान किया जाएगा। जिले के अंतर्गत विकासखंड बोड़ला के 226, पंडरिया के 41, स.लोहारा के 07 एवं कवर्धा के 01 ग्राम इस अभियान में शामिल किए गए हैं।